रोहतक

गुरुवार, 28 दिसंबर, 2023

पौष मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 27, अंक : 336
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

आमंत्रण मूल्य ₹ 3.00/-

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 15.7
न्यून. 5.2



05 राहुल की सेंचुरियन में सेंचुरी, एल्गर के शतक से द.अफ्रीका ने किया पलटवार

## खबर संक्षेप

### शहरी संपत्तियों पर 31 तक प्रॉपर्टी टैक्स ब्याज में छूट

**चंडीगढ़।** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने संपत्ति करदाताओं को नगर निगम एरिया में प्रॉपर्टी डाटा की संतुष्टि करके स्व-प्रमाणित करने पर प्रॉपर्टी टैक्स में छूट प्रदान की है। 31 दिसंबर, 2023 तक मार्च 2023 तक के प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज पर शत प्रतिशत छूट दी जाएगी, जबकि वर्ष 2023-24 के संपत्ति कर पर 15% की छूट प्रदान की जाएगी। (ब्यूरो)

### एमफिल मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं : यूजीसी

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने यह कहते हुए विश्वविद्यालयों को एमफिल पाठ्यक्रम की पेशकश को लेकर आगाह किया कि यह मान्यताप्राप्त डिग्री नहीं है। उसने विद्यार्थियों को ऐसे पाठ्यक्रमों में दाखिले को लेकर आगाह किया है। आयोग के सचिव मनीष जोशी ने यह जानकारी दी। भाषा

## सुबह 11 बजे तक छाए रहे कोहरा और गहरी धुंध

# घने कोहरे के आगोश में प्रदेश, दृश्यता शून्य, हादसों में 2 बच्चों समेत 5 मौत

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश लगातार तीसरे दिन भी घनी धुंध और कोहरे के आगोश में रहा। कोहरे के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त होकर रह गया है। सुबह 11 बजे तक लगभग पूरे प्रदेश में कोहरा छाया रहा। दिन कुछ समय के लिए ही सूर्यदेव के दर्शन हुए। शाम होते ही कोहरे ने फिर प्रदेश को अपनी चपेट में ले लिया। सुबह के समय राजस्थान और पंजाब से सटे कई जिलों में इतना कोहरा था कि 5 मीटर दूर से भी कुछ नहीं दिखाई दे रहा था। वहीं, आईएमडी चंडीगढ़ के अनुसार सुबह साढ़े 8 बजे हिसार, करनाल, सिरसा व भिवानी में विजिबिलिटी शून्य से 50 मीटर तक दर्ज की गई। अंबाला और हिसार का बालसमंद 5.2 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठंडे जिले रहे। हिमाचल में शिमला का तापमान इन दोनों शहरों से ज्यादा 7.6 डिग्री रहा। साढ़े 10 बजे तक भी सोनीपत समेत बहुत से क्षेत्रों में कोहरा छाया रहा।

जनजीवन ठप, रेल-बस सेवाएं प्रभावित, उड़ानें भी लेट

■ रेंग रेंगकर चले वाहन, कई जिलों में सड़क हादसे

■ झज्जर में स्कूल बस भिड़ी, 10 बच्चे घायल, रोहतक में 14 लोग घायल

■ शिमला से ठंडे रहे अंबाला और हिसार

### मौसम विभाग का दावा, अभी दो दिन और ऐसा ही हाल रहेगा



प्रदेश में सुबह के समय ऐसा रहा हाल

**कहां कितना पारा**

| स्थान | पारा | स्थान | पारा |
|---|---|---|---|
| बालसमंद | 5.2 | भिवानी | 6.9 |
| अंबाला | 5.2 | झज्जर | 7.7 |
| यमुनानगर | 5.5 | कुरुक्षेत्र | 8.1 |
| मेवात | 6.0 | चंडीगढ़ | 8.2 |
| करनाल | 6.1 | रोहतक | 8.3 |
| बावल | 6.2 | फतेहाबाद | 8.4 |
| महेंद्रगढ़ | 6.2 | सिरसा | 9.0 |
| गुरुग्राम | 6.4 | पानीपत | 9.1 |
| नारनौल | 6.5 | सोनीपत | 9.7 |

(पारा डिग्री सेल्सि.)

### यहां हुए हादसे

**कैथल :** चीका पटियाला स्टेट हाईवे पर हादसे 2 नाबालिग बच्चों की मौत हो गई।

**पलवल :** दो हादसों में 3 लोगों की मौत हो गई। पहला हादसा केएमपी पर हुआ। यहां दो लोगों की मौत हुई। दूसरे हादसे में स्कूटी सवार राहुल की मौत।

**झज्जर-रोहतक :** रेवाड़ी रोड पर 4 वाहन टकरा गए। हादसे में 10 स्कूली बच्चे व स्कूल बस का ड्राइवर घायल हो गया। रोहतक में गांव कंसला के पास दो बसों की भिड़ंत करीब 14 लोगों को चोटें आई हैं।

**रेड अलर्ट:** फतेहाबाद, हिसार, सिरसा, कैथल, जींद, कुरुक्षेत्र, करनाल, सोनीपत, पानीपत और रोहतक में।

**ऑरेंज अलर्ट:** भिवानी, दादरी, महेन्द्रगढ़, झज्जर, फरीदाबाद और अंबाला। शेष हरियाणा में येलो अलर्ट।

**31 तक मौसम परिवर्तनशील :** हकृवि के कृषि मौसम विज्ञान विभागध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार हरियाणा में 31 दिसंबर तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। 28 दिसंबर को भी सुबह के समय गहरी धुंध दाई रहेगी। रात्रि तापमान में गिरावट आएगी। 29 से 31 दिसंबर के दौरान आंशिक बादलवाई रहने व हवाएं चलने की भी संभावना है। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी भी हो सकती है। 1 जनवरी से मौसम खुश्क रहेगा। सुबह के समय धुंध व कोहरा परेशान करेगा।

## ऑनर किलिंग की आशंका

# समालखा में बेटी की गोली मारकर हत्या

**पानीपत (हरिभूमि न्यूज)।** समालखा के पट्टीकल्याणा गांव में एक पिता ने अपनी 18 साल की बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद थाने पहुंचकर पिस्तौल के साथ सरेंडर कर दिया। प्रॉपर्टी डीलर अनिल ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से बेटी भावना को पांच से छह गोलियां मारी। परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने भावना को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपित ने भावना के पढ़ाई न करने से नाराज होकर वारदात को अंजाम दिया है। हालांकि इस मामले में ऑनर किलिंग की आशंका भी जताई जा रही। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हाथ में पिस्टल लेकर थाने में किया सरेंडर परिजन बोले, पढ़ाई-घरेलू काम को लेकर विवाद

**दोपहर 12 बजे वारदात :** आरोपित अनिल ने दोपहर 12 बजे वारदात को अंजाम दिया। अनिल के भाई ने पुलिस को बताया कि भावना ने दसवीं पास की थी। अनिल आगे की पढ़ाई को लेकर बेटी से नाराज था, कामकाज में भी भावना हाथ नहीं बंटाती थी। इससे अनिल काफी समय से मानसिक रूप से परेशान था। इन्हीं कारणों के चलते उसने बेटी की हत्या कर दी।

**दादा बोले, सीढ़ियों से गिरी :** भावना के दादा का कहना है कि वह सीढ़ियों से गिर गई। थाना समालखा पुलिस व एफएसएल टीम ने मौके पर जाकर जांच की।

**नशे में दागी गोली :** पानीपत किसान भवन के प्रधान सूरजभान ने बताया कि अनिल ने शराब के नशे में यह वारदात की। उसने खुद को गोली मारने का प्रयास किया था इस बीच भावना बीच में आ गई, अनिल ने भावना की ओर फायर कर दिया। इसके बाद वह पिस्टल लेकर थाने गया और सरेंडर कर दिया।

# सूबे में डॉक्टर्स की हड़ताल से मरीज बेहाल सरकार का दावा, सिर्फ 26% ही शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़/रोहतक

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन(एचसीएमएस)के आह्वान पर प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर बुधवार को हड़ताल पर रहे। इसके कारण ओपीडी सेवाएं बद रही और मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ा। पूरा दिन किसी मरीज की जांच नहीं की गई। रोहतक में करीब 5 हजार मरीज प्रभावित हुए। डॉक्टर्स ने चेतावनी दी है कि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो 29 दिसंबर से इमरजेंसी सेवाएं भी बंद कर दी जाएंगी। डॉक्टर्स की हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाएं एक ही दिन में पूरी तरह चरमरा गई। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि सरकारी डाक्टरों द्वारा की गई हड़ताल फेल हो गई है। हड़ताल में सिर्फ 26.86 फीसदी डाक्टर्स शामिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थान सामान्य तौर पर संचालित रहे और किसी भी प्रकार से स्वास्थ्य सेवाएं बाधित नहीं हुई है। सभी को रोजाना की तरह इलाज मिला।

विज बोले, सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रही

डॉक्टर्स बोले, मांगे नहीं मानी तो 29 से इमरजेंसी सेवाएं भी बंद करेंगे



### हड़ताल नाजायज : विज

विज ने कहा कि डाक्टरों की हड़ताल नाजायज है, क्योंकि इनकी मुख्य मांग स्पेशलिस्ट काडर को लेकर मंजूरी मिल चुकी है। इस मांग को मुख्यमंत्री ने भी अनुमति दे दी है। पीजी पॉलिसी को लेकर रखी गई मांग को अतिरिक्त मुख्य सचिव ने स्वीकृति प्रदान कर दी है, जिस पर प्रक्रिया जारी है। डॉक्टरों की ज्यादातर मांगों को मान लिया गया है।

**तीन साल से टरका रही सरकार : राठी**

एचसीएमएस एसोसिएशन के प्रधान डॉ. विश्वजीत राठी ने बताया कि पीजी करने के लिए एक करोड़ की बॉन्ड पॉलिसी को 50 लाख करें। स्पेशल कैडर बनाया जाए, विशेषज्ञ डॉक्टर्स की भर्ती समेत हमारी कई मांगें हैं। लेकिन सरकार तीन साल से हमें टरका रही है। कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने आश्वासन भी दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हम नहीं चाहते कि मरीजों को परेशानी हो, लेकिन मांगे नहीं मानी हड़ताल अनिश्चतकालीन होगी।

## इजराइल दूतावास धमाका

# एनएसजी और एनआईए दूतावास पहुंचीं, सीसीटीवी में दो संदिग्ध दिखाई दिए

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित इजराइल के दूतावास के पास मंगलवार शाम को हुए विस्फोट मामले में सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि विस्फोट से कुछ देर पहले दो युवकों को घटनास्थल के करीब सड़क पर चलते हुए देखा जा सकता है। सुरक्षा एजेंसियों ने अब्दुल कलाम रोड और पृथ्वीराज रोड पर कई सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले हैं। एक अधिकारी ने कहा कि इस घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कड़ी करते हुए राष्ट्रीय राजधानी में गश्त बढ़ा दी है। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ बुधवार को सुबह घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने पत्तियों व घास के नमूने एकत्र किए, जिसके बारे में उन्हें संदेह था कि इसमें विस्फोट में इस्तेमाल किए गए रसायन हो सकते हैं।

इजराइल के झंडे में लिपटा हुआ लेटर मिला

■ दूतावास से 260 मीटर दूर हुआ था धमाका

■ दिल्ली में सुरक्षा बढ़ाई, अतिरिक्त बल तैनात

खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई को किया था निलंबित

# कुश्ती की देखरेख के लिए तीन सदस्यीय तदर्थ समिति गठित

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने निलंबित डब्ल्यूएफआई के दैनिक कार्यों के संचालन के लिए तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया है। भारतीय वुशु संघ के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह बाजवा पैनल के अध्यक्ष होंगे, जबकि पूर्व हॉकी ओलंपियन एमएम सोमाया और पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंजुषा कंवर इसके दो सदस्य हैं। खेल मंत्रालय ने रविवार को डब्ल्यूएआई को निलंबित कर दिया था, जिसके तीन दिन पहले नए पदाधिकारी चुने गए थे। पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह को चुनावों में अध्यक्ष चुना गया था। संजय विरोध होने पर यह कार्रवाई की गई थी।

■ भूपेंद्र बाजवा चेयरमैन, सोमाया और मंजूषा सदस्य होंगे

**मनमाने फैसले लिए : पीटी उषा**

आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा,'आईओए को हाल ही में पता चला है कि नए अध्यक्ष और डब्ल्यूएफआई के अधिकारियों ने स्वयं के संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए और आईओसी द्वारा समर्थित सुशासन के सिद्धांतों के खिलाफ मनमाने फैसले किए हैं। बता दें कि डब्ल्यूएफआई के चुनाव में बृजभूषण के करीबी संजय के चुनाव जीतने के बाद पहलवानों ने विरोध कर दिया था। जिसमें हरियाणा से रेसलर साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास ले लिया। फिर बजरंग पूनिया, वीरेंद्र व विनेश ने अपने अवॉर्ड लौटा दिए।

## मणिपुर से शुरू, मुंबई में समापन होगा

# राहुल के नेतृत्व में 'भारत न्याय यात्रा' 14 जनवरी से

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने बुधवार को घोषणा की है कि पार्टी नेता राहुल गांधी की अगुवाई में 14 जनवरी से 20 मार्च तक मणिपुर से मुंबई (पूरब से पश्चिम) तक 'भारत न्याय यात्रा' निकाली जाएगी। पार्टी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले आयोजित की जाने वाली यह यात्रा 67 दिन में 14 राज्यों और 85 जिलों से होकर गुजरेगी। 'भारत न्याय यात्रा' के दौरान लगभग 6,200 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। यात्रा ज्यादातर बस से होगी, लेकिन कहीं-कहीं पदयात्रा भी होगी।



(विस्तृत पेज-8 पर )






# परीक्षार्थियों को शिक्षा बोर्ड ने दिया विशेष मर्सी चांस

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने ऐसे परीक्षार्थी जो वर्ष-2014 से 2018 तक सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक एवं मुक्त विद्यालय) एवं वर्ष 2019 से 2023 तक सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी (मुक्त विद्यालय) की सी.टी.पी./फ्रेश कैटेगरी के तहत अपीयर हुए थे और उनका परीक्षा परिणाम नोट क्वालीफाइड रहा है अथवा उनके सभी अवसर समाप्त हो चुके हैं। ऐसे सभी परीक्षार्थियों के भविष्य के मद्देनजर शिक्षा बोर्ड द्वारा उन्हें फरवरी/मार्च-2024 में आयोजित होने वाली हरियाणा मुक्त विद्यालय की सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा में सी.टी.पी. कैटेगरी के तहत प्रविष्ट होने के लिए विशेष मर्सी चांस देने का निर्णय लिया गया है। बोर्ड प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे सभी इच्छुक परीक्षार्थी 01 जनवरी से 10 जनवरी, 2024 तक एकमुश्त 5000 रूपये परीक्षा शुल्क के साथ बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट **www.bseh.org.in** पर दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

# मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर पर बैन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर (मसरत आलम ग्रुप) पर प्रतिबंध लगा दिया है। गृहमंत्री अमित शाह ने पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश विरोधी गतिविधियों की वजह से इस संगठन पर यूएपीए के तहत बैन लगाया गया है। शाह ने लिखा-मसरत आलम ग्रुप के सदस्य जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र-विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों में शामिल हैं।आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करते हैं और लोगों को जम्मू-कश्मीर में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए उकसाते हैं। उन्होंने लिखा-सरकार का संदेश जोरदार और स्पष्ट है कि हमारे राष्ट्र की एकता, संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उसे कानून का सामना करना पड़ेगा।




## खबर संक्षेप



### 200 से ज्यादा लोगों ने कांग्रेस में जताई आस्था

**चंडीगढ़।** कांग्रेस पार्टी में अन्य दलों को छोड़कर नेता और कार्यकर्ता लगातार शामिल हो रहे हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में सिक्किम के पूर्व राज्यपाल व पूर्व सांसद चौधरी रणबीर सिंह के बेटे डॉ. राजेंद्र सिंह टोंक कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। सोनीपत लोकसभा के सभी हल्कों से 200 से ज्यादा अन्य दलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था जताई।

### इग्नू में जनवरी 2024 सत्र के लिए दाखिले शुरू

**चंडीगढ़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए जनवरी 2024 सत्र की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गयी है। दाखिले की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2024 है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने आज इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इग्नू भारत की सबसे प्रसिद्ध व प्रख्यात केंद्रीय विश्वविद्यालय है।

### संकल्प यात्रा के 27वें दिन 3439 स्थानों पर कार्यक्रम

**चंडीगढ़।** केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और विकसित भारत के संकल्प को लेकर निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा से प्रतिदिन प्रदेश के लाखों लोग जुड़ रहे हैं। यात्रा के 27वें दिन 3439 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## साइबर अपराधियों की कमर तोड़ने की कवायद

# आई4सी तथा हरियाणा पुलिस एक प्लेटफार्म पर करेंगे काम

- हरियाणा पुलिस ने साइबर विशेषज्ञों की टीम तैयारकर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया
- साइबर सुरक्षा तंत्र को पहले की अपेक्षा और सुदृढ़ करने के लिए कई कदम उठाए गए

### फ्रॉड की गई राशि एक से दो घंटे में फ्रीज की जाएगी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

साइबर अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए अब हरियाणा पुलिस तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय का इंडियन साइबर क्राइम कोर्डिनेशन सेंटर(आई4सी) एक प्लैटफॉर्म पर काम करने जा रहे है ताकि साइबर फ्रॉड संबंधी शिकायतों का तत्परता से समाधान किया जा सके और फ्रॉड की गई राशि को गोल्डन आवर (शुरुआती एक या दो घंटे) में फ्रीज किया जा सके और शिकायतकर्ता को फ्रॉड की गई राशि वापस दिलवाई जा सके। इसे लेकर हरियाणा पुलिस द्वारा साइबर विशेषज्ञों की टीम तैयार की गई है जिन्हें साइबर अपराध रोकने को लेकर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि साइबर सुरक्षा तंत्र को पहले की अपेक्षा और सुदृढ़ करने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा केन्द्रीय गृह मंत्रालय के साथ मिलकर एक सुनियोजित कार्ययोजना तैयार की गई है। साइबर विशेषज्ञों की यह टीम अब केन्द्रीय गृह मंत्रालय के दिल्ली स्थित आई4सी में उनके साथ मिलकर कार्य करेगी ताकि हरियाणा प्रदेश में साइबर अपराध संबंधी घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस कमांड सेंटर में देशभर के अनेक सरकारी तथा निजी बैंकों जैसे एसबीआई, पीएनबी ,बैंक ऑफ़ इंडिया ,सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, एक्सिस बैंक ,केनरा बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक आदि सहित अन्य बैंकों के नोडल अधिकारी भी कार्यरत है जो साइबर फ्रॉड रोकने में सरकार की मदद करते हैं। साइबर अपराध रोकने के लिए सभी संबंधित एजेंसी एकजुटता से प्रयास करते हुए साइबर अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखेगी। इससे साइबर फ्रॉड के लाइव केसिज पर भी पहले की अपेक्षा अधिक सतर्कता से कार्य किया जा सकेगा। प. बंगाल, राजस्थान, मेवात में सक्रीय हैं।



## सीएम ने ली एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक

# 264 करोड़ के कॉन्ट्रैक्ट और वस्तुओं की खरीद को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के स्कूलों में वर्ष 2024-25 शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले राज्य के सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षाओं की पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करवाने हेतु बुधवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में यहां हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) की बैठक में मंजूरी प्रदान की गई। इस पर लगभग साढ़े 55 करोड़ रुपये की मुद्रण लागत आएगी। इसके अलावा, एचपीपीसी और हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में कुल 264 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 5 करोड़ रुपये की बचत की गई है। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल, उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा, कृषि एवं मंत्री जेपी दलाल आदि मौजूद रहे।

## आप नेता ने हड़ताल को लेकर सरकार को घेरा

# चिकित्सकों की जायज मांगों को पूरा करे सरकार: ढांडा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा भुगत रही आम जनता

आम आदमी पार्टी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने हरियाणा में चिकित्सकों की हड़ताल की वजह से ठप पड़ी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जहां पहले से ही हरियाणा में ठप पड़ी हैं, वहीं हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक हड़ताल पर चले गए हैं। उन्होंने कहा कि सीएम खट्टर के राज में सरकारी अस्पतालों की हालत बद से बदतर है, न दवाइयां हैं, न मशीनें और 50% से ज्यादा चिकित्सकों के पद खाली पड़े हैं। इसके अलावा जो डॉक्टर हैं वो भी अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। जनता प्राइवेट अस्पतालों में महंगे इलाज करवाने को मजबूर हैं।

# अचानक पहलवानों से मिलने छारा पहुंच गए राहुल गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी बुधवार सुबह सवा 6 बजे बिना किसी पूर्व सूचना के गांव छारा में स्थित लाला दिवान चंद आधुनिक कुश्ती योग केंद्र में पहुंच गए। यहां उन्होंने पहलवानों के साथ कसरत की, मैट पर बजरंग पूनिया के साथ दांव-पेच भी लगाए। करीब अढाई घंटे तक राहुल ने पहलवानों के साथ चर्चा की और कुश्ती में राजनीतिक दखल की आलोचना की। चूंकि इन दिनों कुश्ती की चौधर का विवाद चर्चा में है। ओलंपियन साक्षी मलिक द्वारा कुश्ती छोड़ने का ऐलान करने और ओलंपियन बजरंग पूनिया द्वारा पद्म अवार्ड लौटाने के बाद मोदी सरकार हरकत में आई थी। भारतीय कुश्ती संघ की नई कार्यकारिणी की गतिविधियों पर रोक लगा दी गई।



**बहादुरगढ़।** बजरंग के साथ दांव-पेच लगाते राहुल गांधी।

इसके बाद प्रियंका गांधी ने पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया से मुलाकात की थी। इसी क्रम में बुधवार तड़के बजरंग छारा गांव स्थित अपने प्राथमिक अखाड़े में पहुंचे। इसके कुछ देर बाद राहुल गांधी अखाड़े में पहुंच गए। उन्होंने पहलवानों के साथ सुबह की कसरत की। बजरंग के गुरु वीरेंद्र आर्य से कुश्ती के दांव-पेच भी समझे। खिलाड़ियों से रूबरू होते हुए उनके खान-पान व दिनचर्या की जानकारी ली। उनके साथ खूब फोटो भी खिंचवाए। राहुल ने वीरेंद्र आर्य की मां गंगा देवी के हाथ से बनी बाजरे की रोटी व हरा साग भी खाया। किसानी और कुश्ती के बारे में चर्चा की।

### अपनी धुन में चल रहे राहुल

**बहादुरगढ़ (रवींद्र राठी)।** करीब एक दशक से भाजपा के निशाने पर रहे कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी बीते एक साल से अपनी ही धुन पर चल रहे हैं। वे बिना स्थानीय क्षत्रपों को सूचित किए सीधे जनता के बीच जा रहे हैं। बीते सात महीने के दौरान तीन बार ऐसा हरियाणा में ही हो चुका है। पहले मई में अंबाला में ट्रक से सफर करना, फिर जुलाई में अचानक गोहाना पहुंचकर धान की रोपाई करना और अब बुधवार को छारा में पहुंचकर राहुल पहलवानों के साथ कसरत करने लगे। लेकिन इन तीनों मौकों पर कांग्रेस का कोई बड़ा नेता मौजूद नहीं रहा। बता दें कि राहुल गांधी ने सितंबर 2022 में कन्याकुमारी से शुरू हुई 3750 किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा 136 दिन बाद कश्मीर में सफलतापूर्वक संपन्न की। इस यात्रा के साथ ही राहुल गांधी अपनी 'पप्पू' वाली छवि बदलने में एक हद तक कामयाब रहे। यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कई राज्यों की जनता से सीधे संवाद किया। राहुल के व्यक्तित्व, सोच और आक्रामक रवैये से एक बड़ा तबका प्रभावित भी हुआ।



# 2024 में फिर से भाजपा सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं पन्ना प्रमुख: बिप्लब देब

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम की सोहना विधानसभा में बुधवार को आयोजित भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि हाल ही में संसद में भारत सरकार द्वारा बनाएं गए तीनों नए कानून सम्पूर्ण भारतीय है और गुलामी की जंजीरे तोड़ने वाले हैं। मोदी सरकार ने ब्रिटिश राज और ब्रिटिश काल के गुलामी के सारे चिह्न समाप्त करके संपूर्ण भारतीय कानून बनाए हैं। आतंकवादी गतिविधियों, मॉब लिंचिंग, भारत की संप्रभुता को खतरा पैदा करने वालों को अपराध करने से पहले 100 बार सोचना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पहले सरकारों और पार्टियों की आलोचना करने वालों को भी राजद्रोह के आरोप में जेल में डाल दिया जाता था, लेकिन अब नए कानून के मुताबिक केवल देश के विरूद्ध और देश की संप्रभुता के खिलाफ बोलने वालों को कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है।

## एसवाईएल पर बैठक आज

### सीएम मनोहर लाल और पंजाब मुख्यमंत्री मान होंगे शामिल

**चंडीगढ़।** सतलुज-यमुना लिंक नहर (एसवाईएल) हरियाणा का हक है और इसके लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल हर संभव कदम उठा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की पुरजोर तरीके से पैरवी करने के बाद अब मुख्यमंत्री इस मामले को लेकर बृहस्पितवार को चंडीगढ़ में होने वाली बैठक में भाग लेंगे। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कुछ समय पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखा था।

### हर बूथ पर योद्धा बनाकर चुनाव तैयारियों में जुटी जेजेपी: उपमुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर युवाओं की फौज खड़ी कर दी है। युवा जेजेपी ने एक बूथ एक योद्धा अभियान को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए हर बूथ पर मजबूत टीम बना दी है। युवाओं की यह फौज बूथ स्तर पर जेजेपी को और मजबूत करने तथा चुनाव तैयारियों में जुट गई है। हरियाणा उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने यह जानकारी दी। वे हिसार में युवा जेजेपी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि किसी संगठन की कामयाबी और प्रदेश की प्रगति के पीछे युवाओं का अहम योगदान होता है।



**चंडीगढ़।** विस सचिवालय में संत समाज, माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड और प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक करते विस अध्यक्ष गुप्ता।

# काशी कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित होगा माता मनसा देवी परिसर

**चंडीगढ़।** विश्व प्रसिद्ध शक्ति पीठ श्री माता मनसा देवी मंदिर परिसर को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर परिसर को काशी कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने का खाका तैयार कर लिया गया है। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने बुधवार को विधान सभा सचिवालय में पंचकूला जिला प्रशासन और माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद मंदिर परिसर का मुआयना किया। धार्मिक क्षेत्र से संत समाज और वास्तुशास्त्र से जुड़े विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने बताया कि मंदिर परिसर में हनुमान वाटिका मुख्य आकर्षण का केंद्र बनेगी। रामभक्त हनुमान की भव्य प्रतिमा वाली यह वाटिका मुख्य मंदिर से ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा) में बनेगी।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बागवानी विभाग हरियाणा होडल पलवल | बढ़िया गुणवत्ता सामग्रियों सहित पुल्लिज के माध्यम से मैनुअली ऑपरेटेड एलुमिनेट थर्मल मेट स्क्रीन, और बढ़िया गुणवत्ता मानकों के अनुरूप यूवी स्टेबिलाइज, एचडीपीई, मोनो एक्स टेप, सिल्वर कलर, फिल्म मोटाई 0.26-0.30 मिमी., औसत जीएसएम-110-115 ग्राम, बर्स्टिंग स्ट्रेंथ 6.2 केजी/सीएम 2, शेड फैक्टर 50-55%, वजन 65-75 ग्राम/एम 2, स्ट्रेंथ 5.0-6.0 केजी/सीएम 2 की आपूर्ति व स्थापना। | 27.12.2023 03.01.2024 | 16251/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 ihdchodal@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | कि.मी. 48.665 से कि.मी. 75.772 तक एसवाईएल की मरम्मत व रखरखाव + 1 कार्य। | 18.12.2023 08.01.2024 | 215.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842255291 knldivn335@gmail.com |
| 3 | महिला एवं बाल विकास हरियाणा, कैथल | कैथल जिले में डब्ल्यूसीडीपीओ कार्यालय सीवान, कैथल ग्रामीण, पुण्डरी हेतु वाणिज्यिक वाहनों स्विफ्ट डिजायर अथवा समकक्ष वाहन को किराये पर लेना। | 26.12.2023 21.01.2024 | ईएमडी 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467648450 poktl.wcd@gmail.com |
| 4 | बीपीएसजीएमसी फॉर वीमेन खानपुर कलां, सोनीपत | सेंट्रल स्टराइल सप्लाई डिपार्टमेंट सीएसएसडी में मशीनरी और उपकरण मरम्मत एवं रखरखाव सेवाओं तथा प्रचालन का सीएमसी। | 28.12.2023 16.01.2024 | ईएमडी 42000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | गांव रूंजा, जीपी भोज कोठी ब्लॉक मोरनी में हेमराज की तरफ मेन गली से आर वॉल और गली का निर्माण (पंचायत कार्य)। | 26.12.2023 01.01.2024 | 2.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | 1. गांव चैला जीपी जबयाल में पानी की टंकी का निर्माण, 2. गांव गवाही जीपी थानडोग में आंगनवाड़ी के निकट आर/वॉल का निर्माण, 3. गांव ज्योग जीपी थानडोग में बावड़ी का निर्माण, 4. गांव मलोन जीपी थानडोग में बावड़ी में मरम्मत का निर्माण, 5. ब्लॉक मोरनी पीएस में गांव थाली जीपी थानडोग के निकट शमशान घाट में आयरन शैड का निर्माण + 2 कार्य। | 26.12.2023 01.01.2024 | 12.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज फतेहाबाद | बनावाली - ब्लॉक भट्टू कलां में बनावाली माइनर मोगा नं. 11560 टीएल मुरबा नं. 134/1, 2, 3, 4, 5 मेन खाल से रमेश पुत्र बलवंत पर वाटरकोर्स का निर्माण, वीएजीवाई । 6 कार्य। | 25.12.2023 04.01.2024 | 58.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज फतेहाबाद | माडुवाना - गांव माडुवाना, ब्लॉक-टोहाना एचआरडीएफ में पानी की टंकी का निर्माण और शमशान घाट की चारदिवारी को उठाना + 16 कार्य। | 25.12.2023 04.01.2024 | 844.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/160/23744/I/88/6 दि. 27.12.23

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन खरखौदा, सोनीपत में 1 अदद एई आवास और 6 अदद श्रेणी-II क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 2.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 74/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 2 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन ओल्ड डीसी रोड सोनीपत में आवासीय क्वार्टर्स 8 अदद श्रेणी-I और 1 अदद श्रेणी-IV का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 1.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 73/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 3 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन फरमाणा (सोनीपत) में 6 अदद श्रेणी-II क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 1.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 72/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 4 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन कथुरा, सोनीपत में 2 अदद श्रेणी-III क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 28981/- | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 71/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 5 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन बुपनियां (बहादुरगढ़) में 4 अदद श्रेणी-III क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 1.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 70/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 6 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन बाबेपुर (झज्जर) में 8 अदद श्रेणी-III क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 2.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 69/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 7 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन सासरौली (झज्जर) में 8 अदद श्रेणी-III क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 2.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 68/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 8 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन माछरौली (झज्जर) में 6 अदद श्रेणी-II और 8 अदद श्रेणी-III क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 4.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 67/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 9 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन ओल्ड बहादुरगढ़ में 6 अदद टाइप-I और 13 अदद टाइप-II आवासीय क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 4.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 66/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 10 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन मदीना, रोहतक में 2 अदद श्रेणी-III क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 61972/- | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 65/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 11 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन भगवतीपुर, रोहतक में 2 अदद श्रेणी-II और 2 अदद श्रेणी-III क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 1.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 64/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 12 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन काहनौर, रोहतक में 2 अदद टाइप-II और 2 अदद टाइप-III आवासीय क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 1.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 63/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 13 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन भालोट, रोहतक में 4 अदद श्रेणी-II और 4 अदद श्रेणी-III क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 3.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 62/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 14 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन सांपला, रोहतक में 7 अदद श्रेणी-III और 3 अदद श्रेणी-I क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 3.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 61/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 15 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन महम, रोहतक में 6 अदद श्रेणी-II और 8 अदद श्रेणी-III क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 4.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 60/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 16 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन मॉडल टाउन, यूएचबीवीएन, रोहतक में 15 अदद आवासीय क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 4.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 59/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 17 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन कुंडली, सोनीपत में 8 अदद श्रेणी-III और 6 अदद श्रेणी-II और 1 अदद श्रेणी-IV आवासीय क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 5.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 58/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 18 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन ओपीएच कॉलोनी, रोहतक में 12 अदद श्रेणी-III और 1 अदद श्रेणी-II आवासीय क्वार्टर्स का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 5.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 57/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 19 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन मतलौडा, पानीपत में 8 अदद श्रेणी-III और 6 अदद श्रेणी-II, 1 अदद श्रेणी-IV आवासीय क्वार्टर्स (आरबी) का विखण्डन, 33 केवी सब स्टेशन मतलौडा, पानीपत में 8 अदद श्रेणी-III और 6 अदद श्रेणी-II, 1 अदद श्रेणी-IV आवासीय क्वार्टर्स (आरबी) का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 5.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 56/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/380/23739/I/88/6 दि. 27.12.23



**प्रपत्र सं. 3**
[नियमन-15(1)(ए) देखें]/16(3)
**ऋण वसूली ट्रिब्यूनल चण्डीगढ़ (डीआरटी-2)**
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चण्डीगढ़ (तृतीय और चतुर्थ तल पर आवंटित अतिरिक्त स्थल भी)
केस नं. : ओए/1330/2022
[ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (प्रक्रिया) नियमों, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2ए) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के तहत सम्मन]
ईएक्सएच. नं. : 20270
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
बलबीर सिंह

सेवा में,
(1) बलबीर सिंह
पुत्री/पत्नी/पुत्र - जीत बलबीर सिंह (कर्जदार) पुत्र जीत सिंह, 1095, बसंत विहार, अम्बाला सिटी, जिला अम्बाला-133001, हरियाणा, अम्बाला, हरियाणा-133001.
(2) विक्रांत सिंह
पुत्र बलबीर सिंह, 2926 बी/12, बसंत विहार, अम्बाला सिटी, अम्बाला, हरियाणा।

**सम्मन**

चूंकि, ओए/1330/2022 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 29.08.2023 को सूचीबद्ध किया गया था।

चूंकि यह माननीय ट्रिब्यूनल आपके विरूद्ध दायर उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 (4) (ओए) के तहत रु. 22,64,909.08/- की ऋण वसूली हेतु सम्मन / सूचना जारी करने के लिये संतुष्ट है (दस्तावेजों की प्रतियों इत्यादि सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के अनुसरण में आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :
(i) सम्मन की तामील के तीस दिन के अंदर कारण बताएं कि आवेदित छूट क्यों न प्रदान कर दी जाए;
(ii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों और परिसम्पत्तियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों का विवरण घोषित करें;
(iii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत घोषित प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के निपटान अथवा घोषित ऐसी अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों के साथ, लम्बित सुनवाई और सम्पत्तियों को संलग्न करने हेतु आवेदन के निपटान तक किसी भी प्रकार की डीलिंग से आपको निषेध किया जाता है;
(iv) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत अपने व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया में जहां किन्हीं परिसम्पत्तियों में उसका प्रत्याभूत हित है को छोड़कर और/अथवा विनिर्दिष्ट अथवा घोषित अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को ट्रिब्यूनल की पूर्व अनुमति के बिना आप बिक्री, लीज अथवा अन्यथा हस्तांतरित नहीं करेंगे;
(v) आप प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों की व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया के तहत बिक्री से प्राप्त बिक्री राशि हेतु खाते के प्रति देनदार होंगे और ऐसी बिक्री राशि बैंक अथवा वित्तीय संस्थानों, जिनके पास ऐसी परिसम्पत्तियों पर प्रत्याभूत हित है, द्वारा रखे गये खाते में जमा करवानी होगी।

आपको आवेदक के पास भेजी गई इसकी एक प्रति सहित लिखित बयान दायर करने का और **02.01.2024 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार** के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश भी दिया जाता है जिसमें विफल रहने पर आवेदन पर सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।

**मेरे हस्ताक्षर व इस ट्रिब्यूनल की मोहर सहित दिनांक : 08.09.2023 को जारी किया गया।**

सम्मन जारी करने के लिये
प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर



**प्रकाशन**
**प्रपत्र सं. 3**
[नियमन-15(1)(ए) देखें]/16(3)
**ऋण वसूली ट्रिब्यूनल चण्डीगढ़ (डीआरटी-2)**
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चण्डीगढ़ (तृतीय और चतुर्थ तल पर आवंटित अतिरिक्त स्थल भी)
केस नं. : ओए/995/2023
[ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (प्रक्रिया) नियमों, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2ए) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के तहत सम्मन]
ईएक्सएच. नं. : 20175
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
राहुल राठी

सेवा में,
(1) प्रतिवादी सं. 1 - श्री राहुल राठी, निवासी मकान नं. 1056/28, निकट माँ गायत्री कॉम्पलैक्स, सढ़ौरा, जिला यमुनानगर, हरियाणा-133204.

**सम्मन**

चूंकि, ओए/995/2023 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 30.08.2023 को सूचीबद्ध किया गया था।

चूंकि यह माननीय ट्रिब्यूनल आपके विरूद्ध दायर उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 (4) (ओए) के तहत रु. 6986874.12/- की ऋण वसूली हेतु सम्मन / सूचना जारी करने के लिये संतुष्ट है (दस्तावेजों की प्रतियों इत्यादि सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के अनुसरण में आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :
(i) सम्मन की तामील के तीस दिन के अंदर कारण बताएं कि आवेदित छूट क्यों न प्रदान कर दी जाए;
(ii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों और परिसम्पत्तियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों का विवरण घोषित करें;
(iii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत घोषित प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के निपटान अथवा घोषित ऐसी अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों के साथ, लम्बित सुनवाई और सम्पत्तियों को संलग्न करने हेतु आवेदन के निपटान तक किसी भी प्रकार की डीलिंग से आपको निषेध किया जाता है;
(iv) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत अपने व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया में जहां किन्हीं परिसम्पत्तियों में उसका प्रत्याभूत हित है को छोड़कर और/अथवा विनिर्दिष्ट अथवा घोषित अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को ट्रिब्यूनल की पूर्व अनुमति के बिना आप बिक्री, लीज अथवा अन्यथा हस्तांतरित नहीं करेंगे;
(v) आप प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों की व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया के तहत बिक्री से प्राप्त बिक्री राशि हेतु खाते के प्रति देनदार होंगे और ऐसी बिक्री राशि बैंक अथवा वित्तीय संस्थानों, जिनके पास ऐसी परिसम्पत्तियों पर प्रत्याभूत हित है, द्वारा रखे गये खाते में जमा करवानी होगी।

आपको आवेदक के पास भेजी गई इसकी एक प्रति सहित लिखित बयान दायर करने का और **24.01.2024 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार** के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश भी दिया जाता है जिसमें विफल रहने पर आवेदन पर सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।

**मेरे हस्ताक्षर व इस ट्रिब्यूनल की मोहर सहित दिनांक : 05.09.2023 को जारी किया गया।**

सम्मन जारी करने के लिये
प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

## झज्जर में हादसे के बाद क्षतिग्रस्त स्कूल बस



# दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से टकराई स्कूल बस, दस बच्चे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

झज्जर-रेवाड़ी राजमार्ग पर रायपुर गांव के नजदीक घने कोहरे के कारण हुई वाहनों की भिंडत में एक स्कूल बस में बैठे दस विद्यार्थी घायल हो गए वहीं चालक व परिचालक को गंभीर चोटें आई हैं। हादसा इतना जबदस्त था कि बस के आगे का शीशा उखड़ गया। राहगीरों की मदद से सभी को नागरिक अस्पताल लाया गया। यहां सभी विद्यार्थियों व परिचालक को उपचार के बाद छुट्टी दे दी वहीं चालक को गंभीर हालत के कारण उसे रोहतक पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य, शिक्षक व विद्यार्थियों के परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर हादसे से की जानकारी जुटाई। परिचालक विजय व चालक लालचंद के अलावा घायल हुए विद्यार्थियों की पहचान माछरौली निवासी मुदित गोयल, किन्शु, तिजिल गोयल, दीपांशु, पूर्वी, भटेड़ा गांव निवासी हर्ष, अहरी गांव निवासी लक्षिता, वंशिका, कशिश एवं पायल के तौर पर हुई है। निजी स्कूल बस माछरौली से झज्जर रूट वाले बच्चों को स्कूल लेकर आ रही थी।



झज्जर। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन विद्यार्थी।

### हादसे की सूचना पर पहुचे हड़ताली डाक्टर

उधर, हादसे में स्कूली विद्यार्थियों को चोट लगने का पता चलने पर हड़ताली डॉक्टर की पूरी टीम आपातकालीन विभाग में पहुंच गई और बच्चों का उपचार किया। सभी ने डाक्टरों का शुक्रिया अदा किया।

# बनौंदी शुगर मिल की कुर्की पर बिफरे किसान बकाया भुगतान को लेकर शुरू किया धरना

एसडीएम ने बकाया भुगतान को लेकर नहीं दिया कोई आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

बनौंदी शुगर मिल के कुर्क होने को लेकर बुधवार को किसानों ने विरोध शुरू कर दिया। विरोध से पहले एसडीएम ने किसान यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों से बातचीत की लेकिन उन्होंने लंबित भुगतान को लेकर पुख्ता आश्वासन नहीं दिया। इसके बाद किसानों ने एसडीएम ऑफिस में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। शहीद भगत सिंह किसान यूनियन और संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन से जुड़े किसानों ने जमकर मिल प्रबंधन के साथ प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों ने कहा कि जब तक गन्ने की बकाया पेमेंट का भुगतान नहीं होता उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के अध्यक्ष धर्मवीर ढींडसा ने कहा की किसानों के 100 करोड़ से ज्यादा बकाया। कांट्रेक्ट फॉर्मिंग का मामला है प्रशासन सरकार जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकते लेकिन जब ठोस आश्वासन किसानों को नहीं मिला और मजबूरी में बकाया पेमेंट और मिल कुर्की को रोकने को प्रदर्शन करना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा किसानों को अंधेरे में रखा गया। अगर मिल की कुर्की थी तो किसानों को अवगत क्यों नहीं कराया गया। अगर मिल कुर्क होती है तो किसानों के 100 करोड़ से ज्यादा बकाया का जिम्मेदार कौन होगा।



नारायणगढ़। लघु सचिवालय में धरने पर बैठे गन्ना किसान।

### यह रखी मांग

शहीद भगत सिंह किसान यूनियन के उपाध्यक्ष वक्रिम राणा ने बताया की गन्ना मिल से जुड़े किसानों के सामने बड़ी समस्या है एक तरफ अगर मिल कुर्क होती है तो वे अपना गन्ना लेकर कहां बेचने जाएंगे। दूसरा जो पेमेंट किसानों की मिल की तरफ बकाया है उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? उपमंडल अधिकारी मिल को सरकारी कंट्रोल में लेकर चला रही है लेकिन किसानों के पैसे की जिम्मेदारी नहीं लेती। इसी वजह से अब उन्हें धरना देना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### अंबाला में सारजेंट ने की आत्महत्या

**अंबाला।** 17 स्क्वाड्रन के सारजेंट शिवा चंद्रन ने आंवला के पेड़ पर फंदा लगा आत्महत्या कर ली। शिवा करीब एक साल से दिमागी रूप से परेशान था। चंडीगढ़ कमांड अस्पताल में करीब 6 महीने इलाज के बाद वह कुछ महीने पहले ही घर आया थे। शिवा की तबियत ज्यादा बिगड़ने पर उसे एयरफोर्स स्टेशन के स्टेशन मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया था। सुबह करीब 7 बजे पता चला कि शिवा चंद्रन ने अस्पताल के पास आंवले के पेड़ पर निवार से फंदा लगा जान दे दी।

### केस वापस लेने का दवाब दुष्कर्म पीड़िता को पीटा

**यमुनानगर।** दुष्कर्म का केस वापस लेने का दवाब बनाने के लिए आरोपी युवक ने पीड़िता के मकान पर आकर उसके साथ मारपीट की। युवक ने करीब दो साल पहले युवती के साथ दुष्कर्म किया था। जिस पर पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज करवाया था। शहर की कॉलोनी निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव तेजली निवासी प्रतीक सांगवान ने करीब दो साल पहले उसे अपने जाल में फसा कर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया था।

### होम लोन के नाम पर साढ़े तीन लाख ठगे

**यमुनानगर।** गांव लवाना निवासी होशियार सिंह को होम लोन दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति ने उससे साढ़े तीन लाख रुपये ठग लिए। ठगी का आरोप गाजियाबाद निवासी अश्वनी सरसवत पर लगा है। आरोपी ने होशियार सिंह को 50 लाख रुपये का होम लोन दिलवाने का झांसा दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## दोहरे हत्याकांड के फरार आरोपित पर पांच हजार इनाम

# पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़, एक को पकड़ा

### रोहतक रेंज के सब इंस्पेक्टर अरविंद्र ने किया टीम का नेतृत्व

### एक कोहरे का फायदा उठा कर फरार, घायल पीजीआई रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव गढ़ी के निकट गोहाना से फरार दोहरे हत्याकांड के आरोपित पांच हजार रुपये इनामी बदमाश को एसटीएफ ने मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया। गोली लगने से बदमाश काबू हो गया। जबकि एक बदमाश कोहरे का फायदा उठा कर फरार हो गया। गढ़ी थाना पुलिस ने एसटीएफ टीम का नेतृत्व कर रहे इंस्पेक्टर की शिकायत पर पकड़े गए घायल बदमाश समेत दो के खिलाफ जानलेवा हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घायल बदमाश के कब्जे से एक पिस्तौल व कारतूस बरामद किया। उसकी गंभीर हालत में पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। एसटीएफ रोहतक रेंज के सब इंस्पेक्टर अरविंद्र के नेतृत्व मे सूचना के आधार पर टीम ने गढ़ी में डेरा डाला हुआ था। उन्हें सूचना थी कि गोहाना मे दोहरे हत्याकाड का आरोपित गांव लाट सोनीपत निवासी संजय गांव गढ़ी के आसपास देखा गया है। वह अपने साथी के साथ बाइक पर पंजाब की तरफ जाएगा। पुलिस ने सजय पर पांच हजार का इनाम भी रखा हुआ है। एसटीएफ ने गढ़ी बस अड्डे पर दोपहर बाद सफेद बाइक पर दो युवक पहुंचे। पुलिस कर्मियों द्वारा इशारा करने पर बाइक नहीं रूकी। इसी बीच युवकों ने पुलिसकर्मियो पर फायारिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस कर्मियों ने भी गोलियां दागी। जिसमें एक गोली बदमाश के कूल्हे में जा लगी ओर वही गिर गया। जबकि उसका दूसरा साथी कोहरे का फायदा उठा कर फरार होने मे कामयाब हो गया।

- आरोपित बाइक से पंजाब की तरफ जाने की सूचना मिली थी



जींद। गांव गढ़ी के निकट हुई मुठभेड़ में घायल बदमाश संजय को पीजीआईएमएस रोहतक ले जाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस को पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस मिला

पकड़े गए घायल बदमाश की पहचान गांव लाट निवासी संजय के रूप मे हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। फरार होने वाले बदामाश की पहचान गांव चुलियाना रोहतक निवासी नवीन उर्फ गोली के रूप मे हुई है। घायल बदमाश संजय को नागरिक अस्पताल नरवाना लाया गया जहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। गढ़ी थाना पुलिस ने एसटीएफ टीम का नेतृत्व कर रहे इंसपेक्टर नरेंद्र की शिकायत पर घायल बदमाश संजय तथा फरार बदमाश नवीन के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम, जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर कर दी है। फरार हुए बदमाश की तलाशी को लेकर पुलिस ने व्यापक स्तर पर घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया लेकिन उसका सुराग नही लगा।



जींद। घायल बदमाश संजय

### अन्य आपराधिक मामले दर्ज

टीम के नेतृत्व कर रहे सब इंसपेक्टर अरविंद्र ने बताया कि घायल बदमाश की दोहरे हत्याकांड में तलाश थी। पांच हजार का इनाम घोषित था। इसके अलावा अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरे साथी की भी पहचान हो गई है।

# कंटेनर में शराब भरकर ले जा रहे थे गुजरात, पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सीआईए टीम ने कंटेनर से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। इस कंटेनर से लाखों की शराब बरामद की गई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। सीआईए नारनौल की टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक तेल के टैंकर में पंजाब से शराब भरकर गुजरात ले जाई जा रही है और 152डी हाईवे से जयपुर गुजरात जाएगा। जिस पर सीआईए टीम ने 152-डी हाईवे पर जाट गुवाना टोल के पास नाकाबंदी कर चैकिंग शुरू दी। कुछ समय बाद दादरी की तरफ से एक कंटेनर आता हुआ दिखाई दिया जिसे रुकने का इशारा किया। ड्राइवर को काबू कर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम हनुमान वासी पिरूकातला थाना सेडवा जिला बाडमेर राजस्थान बताया। गाडी चालक से गाड़ी में सामान व गाड़ी के कागजात बारे पूछा तो चालक ने गाड़ी मे भरे सामान की एक बिल्टी मेडिसिन बॉक्स की पेश की। कन्टेनर चालक से कन्टेनर की सील तुड़वाकर व खुलवाकर चैक किया तो कन्टेनर के अन्दर प्लास्टिक तिरपाल के नीचे भारी मात्रा मे गत्ता पेटियों में अवैध शराब की पेटियां भरी हुई थी। जब इसकी गिनती की गई तो 515 पेटी शराब मिली। जिनकी कीमत लाखों में आंकी गई है। आरोपित हनुमान से पूछताछ में उसने बताया है कि उसने यह अवैध शराब उसके मालिक हनुमान वासी बाडमेर के कहने अनुसार मे चंडीगढ़ से अवैध शराब भरकर राजकोट गुजरात लेकर जा रहा था।



- सीआईए नारनौल टीम की बड़ी कार्रवाई, 515 पेटी अवैध शराब बरामद कर की जब्त
- एक आरोपित को किया गिरफ्तार, पूरा गिरोह शामिल होने की आशंका

### फोन से भरा कंटेनर लूटने का आरोपित सीआईए के हत्थे चढ़ा

**रेवाड़ी।** सीआईए धारूहेड़ा की टीम ने मई 2022 में डीबीजी कंपनी के करोड़ों रुपये के मोबाइल फोन से भरा कंटेनर लूटने के आरोपी 1 लाख रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपित की पहचान मध्य प्रदेश के देवास के धतुरिया रोड गांव भैरवी खेड़ी निवासी महेश उर्फ काला पुत्र दलीप के रूप में हुई है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में 8 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि इतने ही आरोपियों को अभी गिरफ्तार किया जाना शेष है। बावल आईएमटी की डीबीजी कंपनी की एचआर विभाग की एजीएम उर्वशी शर्मा ने गत 28 मई को थाना कसोला पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उनकी कंपनी का एक कंटनेर 27 मई की रात मोबाइल फोन लोड करने के बाद नोएडा के लिए भेजा गया था। इसमें करीब 5 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन भरे हुए थे। यूनाइटेड कार्गो ट्रांसपोर्ट के कंटेनर को चालक कृष्ण चला रहा था। असाही पुल के पास कार आगे लगाकर बदमाशों ने कंटेनर को लूट लिया तथा चालक कृष्ण को कार में डालकर रोहतक की ओर ले गए।



कोर्ट में पेश करने के बाद लिया रिमांड पर

8 आरोपियों को पहले गिरफ्तारी हो चुकी

### समालखा में पत्नी की गला दबाकर हत्या

**पानीपत।** समालखा की पंचवटी कालोनी में काजल पत्नी दीपक का शव घर पर पडा मिला। वहीं काजल की कथित रूप से गला दबा कर हत्या की गई है। काजल के परिजनों का आरोप है कि दीपक ने काजल की गला दबा कर हत्या की है। वहीं थाना समालखा पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, काजल के चचेरे भाई वेद प्रकाश निवासी असंध जिला करनाल का बताया कि तीन साल पहले काजल का विवाह दीपक के साथ हुआ था। वहीं दीपक के किसी दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध थे। जिन संबंधों का काजल को पता लगा था। वह अकसर इसका विरोध करती थी तो उसके साथ मारपीट की जाती थी। उन्होंने कहा कि दीपक अपनी प्रेमिका के संग फरार होने की फिराक में था। जिसकी भनक काजल को लग चुकी थी। काजल ने इस बारे में अपने परिजनों को भी बताया था। मंगलवार रात को काजल ने अपने पति को प्रेमिका संग वॉट्सऐप चैट करते हुए देख लिया था। जिसके बाद से पति ने उसे अपने रास्ते से हटाने का फैसला लिया। इधर, मंगलवार की रात को दीपक ने काजल की बहन को फोन कर बताया था कि काजल को हार्ट अटैक आया है, उसे अस्तपाल ले जाया गया।

दीपक के किसी महिला के साथ अवैध संबंध थे

## संसद सुरक्षा चूक मामला

# जींद में कल नीलम के समर्थन में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा चूक मामले में गिरफ्तार की गई उचाना खंड के गांव घसोखुर्द निवासी नीलम पर लगे यूएपीए एक्ट हटाने और उसकी रिहाई की मांग को लेकर 29 दिसंबर को नरवाना में प्रदर्शन किया जाएगा। नीलम के भाई रामनिवास ने आमजन, सामाजिक संगठनों, किसान संगठनों से अपील भी की है कि वो इस प्रदर्शन में बढ़चढ़ कर भाग लें। 29 दिसंबर को नरवाना में रेलवे स्टेशन से लेकर लघु सचिवालय तक प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद एसडीएम को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा नेता आजाद पालवां, सिक्किम श्योकंद, मास्टर बलबीर, मनजीत करोड़ा ने कहा कि गांव घसोखुर्द की नीलम ने बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर संसद में अपनी आवाज बुलंद की थी। नीलम ने अपने हक की आवाज उठाई थी। लोकतंत्र में अपनी आवाज को उठाना कोई अपराध नही है। सरकार तथा पुलिस द्वारा नीलम पर यूएपीए एक्ट लगाया गया है। वह नीलम के साथ हैं और यूएपीए एक्ट को हटाने व नीलम की रिहाई की मांग करते हैं। इसी को लेकर 29 दिसंबर को नरवाना में शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया जाएगा और मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा जाएगा। प्रदर्शन में किसान संगठनों के अलावा अन्य सामाजिक संगठनों के लोग भी भाग लेंगे। सरकार ने नीलम की रिहाई को लेकर कदम नहीं उठाया तो आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।



नीलम पर लगाई यूएपीए की धारा को हटाने और रिहाई की मांग

**यह है मामला** गौरलब है कि गत 13 दिसंबर को दिल्ली में चल रहे संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान दो युवकों ने संसद के अंदर घुस कर कलर स्मॉग फैलाया था तो वहीं संसद के बाहर उचाना खंड के गांव घसो खुर्द निवासी नीलम ने प्रदर्शन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की थी। इसके बाद नीलम को गिरफ्तार किया गया था। नीलम पर यूएपीए एक्ट लगाया गया था।



## क्रिकेट : भारतीय विकेटकीपर ने 137 गेंद में बनाए 101 रन

# राहुल का सेंचुरियन में सेंचुरी, एल्गर के शतक से द.अफ्रीका ने किया पलटवार

एजेंसी ⏭ सेंचुरियन



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सेंचुरियन में खेले जा रहे पहले टेस्ट में केएल राहुल ने बेहतरीन शतक जड़ा। उन्होंने टेस्ट कॅरियर का आठवां शतक लगाया और कई रिकॉड्र्स भी अपने नाम किए। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की पहली पारी 245 रन पर सिमट गई। इसमें से 101 रन केएल राहुल के रहे। बाकी बल्लेबाज कुल मिलाकर 131 रन बना सके। वहीं, 13 रन एक्स्ट्राज से आए। राहुल ने 137 गेंद की अपनी पारी में 14 चौके और चार छक्के लगाए। उन्होंने अपनी पारी में 80 रन बाउंड्रीज से बटोरे यानी कुल रन का 79.20 प्रतिशत रन उन्होंने चौके छक्के से बटोरे। यह टेस्ट में शतक लगाने वाले किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बाउंड्रीज से बटोरे गए तीसरा सबसे ज्यादा रन है। शीर्ष पर शिखर धवन और वीवीएस लक्ष्मण हैं। केएल राहुल सेंचुरियन में कई शतक लगाने वाले पहले मेहमान बल्लेबाज बन गए हैं।

### एल्गर का शतक, दक्षिण अफ्रीका के पांच विकेट पर 256 रन



लोकेश राहुल के शानदार शतक के बाद जल्द ही संन्यास लेने वाले सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर ने पलटवार करते हुए नाबाद शतक जड़ा जिससे दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बुधवार को यहां पांच विकेट पर 256 रन के साथ 11 रन की बढ़त बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। राहुल ने असमान उछाल वाली पिच पर 137 गेंद में 101 रन की पारी खेली जिससे भारत ने पहली पारी में 245 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने इसके जवाब में बाएं हाथ के बल्लेबाज एल्गर (211 गेंद में नाबाद 140, 23 चौके) और पदार्पण कर रहे डेविड बेडिंगहम (87 गेंद में 56 रन, सात चौके, दो छक्के) के बीच चौथे विकेट की 131 रन की साझेदारी से बढ़त हासिल करके अपना पलड़ा भारी रखा। स्टंप के समय मार्को यानसन तीन रन बनाकर एल्गर का साथ निभा रहे थे। एल्गर मौजूदा टेस्ट श्रृंखला के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं।

### बॉक्सिंग डे टेस्ट में दूसरा शतक

राहुल का यह दक्षिण अफ्रीका और सेंचुरियन में दूसरा शतक रहा। सेंचुरियन में उन्होंने अपने लगातार दूसरे टेस्ट में शतक लगाया। इससे पहले 2021 में सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे टेस्ट में ही राहुल ने शतकीय पारी खेली थी। तब उन्होंने 248 गेंद पर नाबाद 122 रन बनाए थे। वह टेस्ट भारत ने जीता था। दक्षिण अफ्रीका में भी राहुल का दूसरा शतक रहा। वह अफ्रीकी जमीन पर एक से ज्यादा शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। इस मामले में वह सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के क्लब में शामिल हो गए। तेंदुलकर ने दक्षिण अफ्रीकी जमीन पर टेस्ट में पांच शतक लगाए थे। वहीं, विराट और राहुल ने दो-दो बार ऐसा किया है।

### दक्षिण अफ्रीका में भारत के शतकवीर

| खिलाड़ी | शतक |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 5 |
| विराट कोहली | 2 |
| केएल राहुल | 2 |
| ऋषभ पंत | 2 |
| राहुल द्रविड़ | 1 |
| चेतेश्वर पुजारा | 1 |
| वीरेंद्र सहवाग | 1 |
| मो. अजहरुद्दीन | 1 |
| कपिल देव | 1 |

## खबर संक्षेप



### खेल मंत्रालय का सही समय पर सही निर्णय

**भिवानी।** 'दंगल ग्राम गर्ल' के नाम से विख्यात पूर्व अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी एवं हरियाणा महिला विकास निगम की अध्यक्ष बबीता फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती महासंघ की नवनिर्वाचित संस्था को निलंबित करके खेल मंत्रालय ने सही समय पर सही निर्णय लिया। बबीता फोगाट ने चरखी दादरी में पत्रकारों से कहा, 'खेल मंत्रालय का सही समय पर सही निर्णय आया है और इससे पहलवानों को न्याय मिलेगा। खेल मंत्रालय समय-समय पर पूरे मामले को देख रहा है।'

### अपने परिवार के लिए घर खरीदेंगे रायल्स के शुभम

**जयपुर।** आईपीएल की नीलामी में राजस्थान रॉयल्स से पांच करोड़ 60 लाख रुपए का करार पाने वाले शुभम दुबे अतीत के संघर्षों को पीछे छोड़कर अब परिवार के लिये नया घर खरीदना चाहते हैं।



विदर्भ के मध्यक्रम के बल्लेबाज दुबे ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 185 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। उनका बचपन काफी अभावों में बीता और उनके पिता को उनके लिये क्रिकेट किट खरीदने के लिए पान तक बेचना पड़ा। अब उनके अच्छे दिन शुरू हो गए हैं और वह इससे बहुत खुश हैं।

### विरोधी से डरे बिना खुद के प्रदर्शन पर गौर करो

**मुंबई।** मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने बुधवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम को स्पष्ट संदेश दिया कि वह विरोधी टीम की उपलब्धियों और उसके खतरों पर ध्यान देने के बजाय खुद के प्रदर्शन पर गौर करे। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच जीतने के बाद भारतीय टीम अब सीमित ओवरों की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना करेगी। इस श्रृंखला की शुरुआत तीन वनडे मैच से होगी। इसके बाद इतने ही मैच की टी20 श्रृंखला खेली जाएगी।



## वनडे रिकॉर्ड में सुधार करने उतरेगी भारतीय महिला टीम



एजेंसी ⏭ मुंबई

लगातार दो टेस्ट मैच में जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाली तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ रिकॉर्ड में सुधार करने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम इस समय शानदार फॉर्म में चल रही है। उसने इंग्लैंड को रिकॉर्ड 347 रन से हराने के बाद वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए टेस्ट मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज की थी। वनडे श्रृंखला के सभी मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत आगामी मैचों में अपना विजय अभियान जारी रखने को लेकर प्रतिबद्ध है लेकिन हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस बात से अच्छी तरह वाकिफ होगी कि ऑस्ट्रेलिया को हराना आसान नहीं होगा, जिसका 50 ओवर के प्रारूप में शुरू से दबदबा रहा है।

### भारत का खराब रिकार्ड

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए 50 वनडे मैचों में भारत केवल 10 मैच में जीत दर्ज कर पाया है जबकि 40 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। घरेलू मैदानों पर भारत का रिकॉर्ड अधिक खराब है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी धरती पर जो 21 वनडे मैच खेले हैं उनमें से उसने केवल चार मैच जीते हैं, जबकि 17 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। भारत ने फरवरी 2007 से लेकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी धरती पर जो सात मैच खेले हैं उन सभी में उसे हार झेलनी पड़ी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में पिछले दो वनडे मैच मार्च 2012 में खेले थे, जिनमें उसे 221 रन और 5 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

## दूसरे दिन गिरे 13 विकेट, ऑस्ट्रेलिया मजबूत, पाक 194 पर कर रहा संघर्ष

एजेंसी ⏭ मेलबर्न

आस्ट्रेलिया के कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने बुधवार को यहां चार गेंदों में दो विकेट लेकर पाकिस्तान की दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में वापसी की संभावनाओं को करारा झटका दिया।

- कप्मान कमिंस ने 37 रन देकर चटकाए तीन विकेट



पाकिस्तान ने अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसकी पारी लड़खड़ा गई और दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक वह 6 विकेट पर 194 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 318 रन बनाए थे और इस तरह से वह अभी पाकिस्तान से 124 रन आगे है। खेल का दूसरा दिन काफी घटनाप्रधान रहा और इस दिन कुल 13 विकेट गिरे। कमिंस ने अभी तक 37 रन देकर तीन विकेट लिए हैं जबकि ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने 48 रन देकर दो विकेट हासिल किए हैं। पाकिस्तान की तरफ से सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक (62) और कप्तान शान मसूद (54) ने अर्धशतक जमाए। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की। पाकिस्तान ने सतर्क शुरुआत की। लियोन ने इमाम उल हक (10) को दूसरी स्लिप में कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद जब पाकिस्तान मजबूत स्थिति की तरफ बढ़ रहा था तब कमिंस ने मैच का रूख बदल दिया।

### भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला पर विचार कर रहा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने कहा कि वह भारत और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर तीन मैचों की महिला टेस्ट श्रृंखला खेलने पर विचार कर रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम अभी तक एकमात्र टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलते रहे हैं। इन दोनों टीम के बीच हाल में वानखेड़े स्टेडियम में एकमात्र टेस्ट मैच खेला गया था जिसमें भारतीय टीम ने 8 विकेट से जीत दर्ज की थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच भारतीय धरती पर 1984 के बाद खेला गया यह पहला टेस्ट मैच था। हॉकले ने कहा, 'हम महिला क्रिकेट की कई प्रारूपों की श्रृंखला में अधिक टेस्ट मैच की वकालत करते रहेंगे। हो सकता है कि भविष्य में हम तीन टेस्ट मैच की 'मार्की' श्रृंखला पर विचार करें।'



## जैस्मिन-अरुणधति को स्वर्ण, स्वीटी ने राष्ट्रीय खिताब का बचाव किया







भाषा ⏭ ग्रेटर नोएडा

राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया ने बुधवार को यहां विवादास्पद खंडित फैसले में ओलंपियन सिमरनजीत कौर को हराकर पहली बार सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खिताब जीता। तीन दौर के बाद विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अनुभवी सिमरनजीत ने 60 किग्रा वर्ग का मुकाबला 3-2 से जीता था। नियमों के अनुसार 3-2 के खंडित फैसले वाला मुकाबला समीक्षा के लिए जाता है और दो समीक्षकों ने सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) की जैस्मिन के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उन्हें 4-3 से विजेता घोषित किया। सिमरनजीत ने कहा, ''फैसला निष्पक्ष नहीं था। मैं अपने मुकाबले के बारे में कभी कुछ नहीं कहती लेकिन आज काफी अनुचित था।'' जैस्मिन और सिमरनजीत अब राष्ट्रीय शिविर में जाएंगी जहां दो हफ्ते के आकलन के बाद फरवरी में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के लिए चयन होगा। भारत को पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए महिला 60 और 66 किग्रा वर्ग में कोटा नहीं मिला है। पूर्व युवा विश्व चैंपियन सेना की अरुणधति चौधरी ने 66 किग्रा वर्ग में एक अन्य पूर्व युवा विश्व चैंपियन असम की अंकुशिता बोरो को 5-0 से हराकर खिताब जीता। अरुणधति इससे पहले 75 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करती थीं। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) को सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया। उसके मुक्केबाजों ने पांच स्वर्ण सहित आठ पदक जीते। उषा नागिशेट्टी को सर्वश्रेष्ठ कोच चुना गया। आरएसपीबी की अनामिका (50 किग्रा), ज्योति (52 किग्रा), शिक्षा (54 किग्रा), सोनिया लाठेर (57 किग्रा) और नुपुर (+81 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। हरियाण उप विजेता रहा। हरियाणा की गत विश्व चैंपियन स्वीटी बूरा (81 किग्रा) ने अपने खिताब का बचाव किया। पूजा रानी, गीतिका (48 किग्रा) और प्राची (63 किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक जीते। महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सातवें सत्र में 12 वजन वर्ग में तीन सौ से अधिक मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया।

### राष्ट्रीय स्पर्धा में 8 साल बाद हिस्सा लेंगी दीपा

**भुवनेश्वर।** स्टार जिम्नास्ट दीपा करमाकर अगले हफ्ते भुवनेश्वर में आठ साल बाद सीनियर कलात्मक जिम्नास्टिक राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता दो से चार जनवरी तक होगी।दीपा के अलावा इस चैंपियनशिप में टोक्यो ओलंपियन प्रणति नायक, योगेश्वर सिंह, राकेश पात्रा, तपन मोहंती, सैफ तंबोली और गौरव कुमार जैसे खिलाड़ी भी चुनौती पेश करेंगे। दीपा के कोच बिश्वेश्वर नंदी ने बताया, 'दीपा सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। पिछली बार वह 2015 में इस घरेलू प्रतियोगिता में खेली थी। यह उसकी आखिरी राष्ट्रीय चैंपियनशिप होगी।'



## प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे नडाल और ओसाका

*एजेंसी ⏭ ब्रिस्बेन*

*विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल और नाओमी ओसाका रविवार से यहां शुरू होने वाले ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट से प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया और अमेरिकी ओपन की पूर्व चैंपियन ओसाका मां बनने के बाद खेल में वापसी करेंगी और उन्होंने बुधवार को यहां अभ्यास सत्र में भाग लेकर तैयारी भी शुरू कर दी। ओसाका पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गई थी और बाद में उन्होंने खुलासा किया था कि वह गर्भवती थी। नडाल भी चोट से उबरने के बाद वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्हें ब्रिस्बेन में विंबलडन फाइनलिस्ट माटेओ बेरेटिनी और 2020 के अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी होल्गर रून इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सर्वाधिक रैंकिंग के खिलाड़ी हैं। अमेरिका के बेन शेल्टन और तीन बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन एंडी मर्रे भी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे।*



## रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक की कमान संभालेंगे मयंक

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

अनुभवी सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को बुधवार को आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के पहले दो मैचों के लिए कर्नाटक टीम का कप्तान बनाया गया है। प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाज निकिन जोस उपकप्तान होंगे। केएल राहुल को टीम में नहीं रखा गया है क्योंकि भारत को जनवरी फरवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी20 और इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट खेलने हैं।

अग्रवाल ने 2022-23 घरेलू सत्र में नौ मैचों में 990 रन बनाए जिसमें तीन शतक और छह अर्धशतक शामिल है। कर्नाटक की टीम पंजाब के खिलाफ हुबली में पांच से आठ जनवरी तक पहला मैच खेलेगी। दूसरा मैच अहमदाबाद में 12 से 15 जनवरी के बीच गुजरात से खेलना है।

*टीम : मयंक अग्रवाल (कप्तान), रविकुमार समर्थ, देवदत्त पड्डिकल, निकिन जोस, मनीष पांडे, शुभांग हेगडे, शरत श्रीनिवास, विशाख विजयकुमार, वासुकी कौशिक, विद्वत कावेरप्पा, के शशिकुमार, सुजय सतेरी, डी निश्चल, एम वेंकटेश, किशन एस बेडारे, एसी रोहित कुमार।*





## चिंतन

# कोरोना के नए वैरिएंट से घबराए नहीं, सतर्क रहें

एक बार फिर कोरोना पांव पसारने लगा है। अब इसका नया वैरिएंट जेएन वन देशभर के आठ राज्यों में फैल गया है। इसके कुल 109 केस मिले हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 36 केस गुजरात में पाए गए। देश में पिछले 24 घंटे में इस वैरिएंट के 40 मरीज मिले हैं। देश में कोरोना के रोजाना 400 से 600 केस आ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में 529 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई, 603 मरीज ठीक हुए और 3 की मौत हुई है। इससे पहले सोमवार को 638, जबकि मंगलवार को 412 नए मरीज मिले थे। फरवरी 2020 में देश में पहला कोरोना पॉजिटिव पाया गया था। तब से अब तक देश में 4.50 करोड़ लोग इस वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। 4.44 करोड़ ठीक हुए हैं। जबकि 5.33 लाख की मौत हुई है। राहत की बात है कि नया वैरिएंट आने के बाद हॉस्पिटलाइजेशन रेट में बढ़ोतरी नहीं हुई है। नए वैरिएंट को लेकर आईसीएमआर की पूर्व महानिदेशक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने सतर्क रहने को कहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि कोरोना का नया वैरिएंट अब तक 41 देशों में फैल चुका है। फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, कनाडा और स्वीडन में मामले सबसे ज्यादा हैं। सभी केसेज हल्के लक्षण हैं। इससे लोगों को ज्यादा खतरा नहीं है। इसके बावजूद सतर्क रहना बहुत जरूरी है। वैसे तो कोरोना की पिछली लहरों के मुकाबले यह गंभीर नहीं है, लेकिन शुरू में धीरे और फिर तेजी से फैलाव की इसकी प्रवृत्ति को देखते हुए किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा सकती। इसीलिए सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया है। बुधवार को राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने टेस्टिंग बढ़ाने, सर्विलांस सिस्टम को मजबूत करने और सभी केसों की रिपोर्टिंग करने पर जोर दिया। महामारी शुरू होने के बाद से ही हम कोरोना के चले जाने और इसके फिर से आ धमकने की घोषणाएं सुनते रहे हैं। यह बात समझने की है कि कोरोना वायरस कभी गया नहीं था। न ही यह जाएगा। यह हमारे इकोसिस्टम का हिस्सा बन चुका है और यहीं बना रहेगा। समय-समय पर इसके नए-नए वेरिएंट आते रहेंगे और हमें उनसे बचने और निपटने के तरीके अपनाते रहने होंगे। कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर जब नए वायरस की जीनोम एनालिसिस बढ़ेगी तो इसके व्यवहार से पता चलेगा कि इसकी संक्रामक और मारक शक्ति कितनी कम या ज्यादा है। लेकिन अब तक अन्य देशों के अनुभव से ऐसा नहीं लगता कि इसकी मारक शक्ति ज्यादा है। अगर संक्रमण तेजी से फैलता है तो भी इसका वास्तविक असर इस बात पर निर्भर करेगा कि अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या ज्यादा है या नहीं। अगर असर ज्यादा भी नहीं है तब भी सावधानी बहुत जरूरी है। दो-तीन दिनों का हल्का खांसी-बुखार भी लोगों की सेहत पर असर डालता है। ऐसे में इसे हलके में लेने का कोई कारण नहीं है। अच्छी बात यह है कि जानकारों के मुताबिक चाहे नया सब-वेरिएंट हो या कोरोना के पुराने वेरिएंट, फेस मास्क इससे बचाव का कारगर साधन है। इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनना और अन्य सावधानियां बरतना हमें बड़ी परेशानियों से बचा सकता है। हमें इसे लेकर अभी से चौकस रहने की जरूरत है। सरकार अपने स्तर पर बचाव के प्रयास कर रही है, लेकिन जब तक हर आदमी जागरुक नहीं होगा तब तक हालात से निपटना कठिन हो सकता है। इसलिए अगर जरुरत न हो तो भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें। दो गज दूरी के निर्देश का पालन करें।

## खोज

शैलजा सिंह



# नया सुपरकंप्यूटर खोलेगा मानव मस्तिष्क का रहस्य

कंप्यूटर की दुनिया तेजी से बदल रही है। नित नई खोज इसे और भी शक्तिशाली बना रही है। अब एक सुपरकंप्यूटर वर्ष 2024 के अप्रैल माह में ऑनलाइन होने वाला है, जिसके बारे में ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं का कहना है कि यह मानव मस्तिष्क में गतिविधियों की अनुमानित दर को टक्कर देगा। डीपसाउथ नामक मशीन प्रति सेकंड 228 खरब गतिविधियां करने में सक्षम है। यह दुनिया का पहला सुपर कंप्यूटर है जो मानव मस्तिष्क के पैमाने पर न्यूरॉन्स और सिनैप्स (प्रमुख जैविक संरचनाएं जो हमारे तंत्रिका तंत्र को बनाते हैं) के नेटवर्क का अनुकरण करने में सक्षम है। डीपसाउथ न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटिंग नामक एक दृष्टिकोण से संबंधित है, जिसका उद्देश्य मानव मस्तिष्क की जैविक प्रक्रियाओं की नकल करना है। इसे वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल सेंटर फॉर न्यूरोमॉर्फिक सिस्टम्स से चलाया जाएगा।हमारा मस्तिष्क सबसे अद्भुत कंप्यूटिंग मशीन है। अपनी कंप्यूटिंग शक्ति को अरबों छोटी इकाइयों (न्यूरॉन्स) में वितरित करके, जो खरबों कनेक्शनों (सिनैप्स) के माध्यम से परस्पर क्रिया करती हैं, मस्तिष्क दुनिया के सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटरों को टक्कर दे सकता है, जबकि इसके लिए केवल एक फ्रिज लैंप बल्ब द्वारा उपयोग की जाने वाली समान शक्ति की आवश्यकता होती है। इसके लिए सुपर कंप्यूटर आम तौर पर बहुत अधिक जगह लेते हैं और उन्हें चलाने के लिए बड़ी मात्रा में विद्युत शक्ति की आवश्यकता होती है। दुनिया का सबसे शक्तिशाली सुपरकंप्यूटर, हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज फ्रंटियर, प्रति सेकंड केवल एक कुइनटिलियन (एक के बाद 18 शून्य) से अधिक ऑपरेशन कर सकता है। यह 680 वर्ग मीटर (7,300 वर्ग फुट) जगह में समाता है और इसे चलाने के लिए 22.7 मेगावाट (मेगावाट) की आवश्यकता होती है। हमारा दिमाग सिर्फ 20 वॉट बिजली के साथ प्रति सेकंड समान संख्या में ऑपरेशन कर सकता है, जबकि वजन सिर्फ 1.3 किलोग्राम-1.4 किलोग्राम होता है। अन्य बातों के अलावा, न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटिंग का लक्ष्य इस अद्भुत दक्षता के रहस्यों को उजागर करना है।30 जून 1945 को, गणितज्ञ और भौतिक विज्ञानी जॉन वॉन न्यूमैन ने एक नई मशीन, इलेक्ट्रॉनिक डिस्क्रीट वेरिएबल ऑटोमैटिक कंप्यूटर (एडवैक) के डिजाइन का वर्णन किया। इसने आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक कंप्यूटर को प्रभावी ढंग से परिभाषित किया जैसा कि हम जानते हैं। स्मार्टफोन, लैपटॉप और दुनिया का सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटर, सभी में लगभग 80 साल पहले वॉन न्यूमैन द्वारा पेश की गई एक ही मौलिक संरचना है। इन सभी में अलग-अलग प्रोसेसिंग और मेमोरी इकाइयाँ होती हैं, जहाँ डेटा और निर्देश मेमोरी में संग्रहीत होते हैं और एक प्रोसेसर द्वारा गणना की जाती है। दशकों तक, माइक्रोचिप पर ट्रांजिस्टर की संख्या लगभग हर दो साल में दोगुनी हो जाती थी, इस अवलोकन को मूर के नियम के रूप में जाना जाता है। इससे हमें छोटे और सस्ते कंप्यूटर बनाने में मदद मिली। हालाँकि, ट्रांजिस्टर का आकार अब परमाणु पैमाने के करीब पहुँच रहा है। इन छोटे आकारों में, अत्यधिक गर्मी उत्पादन एक समस्या है, जैसा कि क्वांटम टनलिंग नामक एक घटना है, जो ट्रांजिस्टर के कामकाज में हस्तक्षेप करती है। यह धीमा हो रहा है और अंततः ट्रांजिस्टर लघुकरण को रोक देगा। इस समस्या को दूर करने के लिए, वैज्ञानिक कंप्यूटिंग के नए तरीकों की खोज कर रहे हैं, जिसकी शुरुआत उस शक्तिशाली कंप्यूटर से हो रही है जिसे हम सभी ने अपने सिर, यानी मानव मस्तिष्क में छिपा रखा है। हमारा दिमाग जॉन वॉन न्यूमैन के कंप्यूटर मॉडल के अनुसार काम नहीं करता है। उनके पास अलग-अलग कंप्यूटिंग और मेमोरी क्षेत्र नहीं हैं। इसके बजाय वे अरबों तंत्रिका कोशिकाओं को जोड़कर काम करते हैं जो विद्युत आवेगों के रूप में जानकारी संचारित करते हैं। 1980 के दशक के उत्तरार्ध से, वैज्ञानिक इस मॉडल को कंप्यूटिंग में आयात करने के इरादे से इसका अध्ययन कर रहे हैं।न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटर सरल, प्राथमिक प्रोसेसर (जो मस्तिष्क के न्यूरॉन्स और सिनैप्स की तरह कार्य करते हैं) के जटिल नेटवर्क पर आधारित होते हैं। इसका मुख्य लाभ यह है कि ये मशीनें स्वाभाविक रूप से 'समानांतर' हैं। इसका मतलब यह है कि, न्यूरॉन्स और सिनैप्स की तरह, कंप्यूटर में लगभग सभी प्रोसेसर संभावित रूप से एक साथ काम कर सकते हैं, एक साथ संचार कर सकते हैं। इसके अलावा, चूंकि पारंपरिक कंप्यूटरों की तुलना में व्यक्तिगत न्यूरॉन्स और सिनैप्स द्वारा की गई गणनाएं बहुत सरल हैं, इसलिए ऊर्जा की खपत बहुत कम होती है किंतु अभी और प्रयास करने बाकी हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)



अर्थशास्त्र

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# मुश्किलों से आगे बढ़ी आर्थिकी

विभिन्न आर्थिक चुनौतियों के बीच वर्ष 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने कई मोर्चों पर बेहतर प्रस्तुतिकरण दिखाया है। कारोबारी और वित्तीय परिदृश्य व्यापक तौर पर विस्तार को लेकर आशावादी रहा और विकास मूलक संकेत देते हुए मजबूत बैलेंस शीट प्रस्तुत करता रहा। विनिर्माण, खनन, निर्माण तथा औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि हुई है। खासतौर से मैन्युफैक्चरिंग, कृषि, कंस्ट्रक्शन, सीमेंट, इलेक्ट्रीसिटी, होटल, ट्रांसपोर्ट, ऑटो मोबाइल, फॉर्मा, केमिकल, फूड प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, साइबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड, आदि क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के मौके बढ़ते हुए दिखाई दिए।

इन दिनों जब वर्ष 2023 अपने अंतिम सौपान पर है, तब देश के आर्थिक इतिहास में यह इबारत लिखी जा रही है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2023 में आर्थिक मुश्किलों तथा चुनौतियों का सामना करते हुए दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित हुई है। बीत रहे वर्ष में भारत के आर्थिक परिदृश्य पर प्रमुखतया रोजगार, रुपए की कीमत, विदेशी मुद्रा भंडार, देश पर विदेशी कर्ज, व्यापार घाटा, मानव विकास सूचकांक चिंताजनक आर्थिक मुद्दे रहे हैं। बीत रहे वर्ष में महंगाई के मोर्चे पर मुश्किलें लगभग वर्ष भर बनी रहीं। वर्ष 2023 में भारत मानव विकास सूचकांक में पीछे दिखाई दिया। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के द्वारा प्रकाशित मानव विकास सूचकांक में 189 देशों की सूची में भारत 132वें पायदान पर पाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक जीवन प्रत्याशा, स्वास्थ्य व शिक्षा की बड़ी चुनौतियां भारत के समक्ष बनी हुई है। दुनिया में प्रतिव्यक्ति आय के मामले में भी भारत की स्थिति 129वें क्रम पर परिलक्षित हुई।

निश्चित रूप से विभिन्न आर्थिक चुनौतियों के बीच भी वर्ष 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने कई मोर्चों पर बेहतर प्रस्तुतिकरण दिखाया है और भारत की कई आर्थिक उपलब्धियां दुनियाभर में रेखांकित हुई। कारोबारी और वित्तीय परिदृश्य व्यापक तौर पर विस्तार को लेकर आशावादी रहा और विकास मूलक संकेत देते हुए मजबूत बैलेंस शीट प्रस्तुत करता रहा। विनिर्माण, खनन, निर्माण तथा औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि हुई है। खासतौर से मैन्युफैक्चरिंग, कृषि, कंस्ट्रक्शन, सीमेंट, इलेक्ट्रीसिटी, होटल, ट्रांसपोर्ट, ऑटो मोबाइल, फॉर्मा, केमिकल, फूड प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, साइबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड, आदि क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के मौके बढ़ते हुए दिखाई दिए। मुद्रास्फीति मौद्रिक प्रयासों से नियंत्रण में रही। कर राजस्व में सुधार हुआ । सेंसक्स और निफ्टी नई ऊँचाइयों पर पहुँच गए।

गौरतलब है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास की गाथा का परचम फहराने वाली जो सबसे महत्वपूर्ण बात दुनिया के कोने-कोने में रेखांकित हुई है, वह है वर्ष 2023 में घरेलू अर्थव्यवस्था की तेज ग्रोथ से भारत ब्रिटेन को पीछे करते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। फिलहाल दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका है। जिसके बाद चीन, जापान और जर्मनी का स्थान आता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में भारत 142 करोड़ से अधिक जनसंख्या के साथ दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है। चीन की जनसंख्या भारत के बाद दूसरे क्रम पर है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) सहित दुनिया की कई रेटिंग एजेंसियों ने वर्ष 2023 में भारत की 6.3 फीसदी से अधिक विकास दर के अनुमान प्रस्तुत किए हैं।

भारत की अध्यक्षता में वर्ष 2023 में जी-20 के प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन के बाद अब भारत से निर्यात, भारत में विदेशी निवेश, भारत में विदेशी पर्यटन और भारत के डिजिटल विकास का नया क्षितिज सामने आएगा। जहाँ प्राकृतिक संपदा संपन्न अफ्रीकी संघ को जी-20 में शामिल कराकर भारत ने इन देशों से नए आर्थिक लाभों की उम्मीदों को बढ़ाया है, वहीं जी-20 में घोषित हुए भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कारिडोर (आईएमईसी) के माध्यम से चीन को चुनौती देते हुए दुनिया में रेल एवं जल मार्ग से भारतीय कंपनियों के लिए नए अवसरों की भारी संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। जी-20 के बाद अब भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी तेजी से बढ़ेगा । वर्ष 2023 में भारत नए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दिया है।



बीत रहे वर्ष में भारत दुनिया में सर्वाधिक डिजिटल पेमेंट ट्रांजेक्शन वाले देश के रूप में रेखांकित हुआ है। यह भी महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2023 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 2000 रुपये के नोट को चलन से बाहर करने के बाद बैंक की जमा पूंजी में भारी वृद्धि हुई। रिजर्व बैंक ने इन्हें बदलने के लिए 7 अक्टूबर का समय दिया था। दिसंबर 2023 तक 97 फीसदी से अधिक नोट बैंकों में वापस आ गए। 8 साल पहले भी हुई 500-1000 रुपए की नोटबंदी से 99 फीसदी नोट वापस आ गए थे। 2000 रुपये के नोटों की वापसी के बीच बैंक जमा पूंजी छह साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचते हुए 191 लाख करोड़ रुपए से अधिक पर पहुँच गई। यह बात भी भारत के आर्थिक घटनाक्रम पर रेखांकित हो रही है कि वर्ष 2023 में भारत राजकोषीय घाटा नियंत्रण में सफल रहा है। वर्ष 2023 में केंद्र सरकार राजकोषीय घाटे के निर्धारित लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.9 फीसदी तक सीमित रखने में सफल रही है।

यदि हम देश में 2023 के रोजगार परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि रोजगार की स्थिति संसद की बहस से लेकर युवाओं की चिंता का कारण बनी रही। वर्ष 2023 में वैश्विक सुस्ती के कारण जो-जो उद्योग-कारोबार प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए वहाँ रोजगार के कम मौके निर्मित हुए। लेकिन गिग अर्थव्यवस्था और असंगठित सेक्टर में मौके बढ़ने से बेरोजगारी दर जो 2017-18 में छह फीसदी थी वह 2022-23 में घटकर 3.2 फीसदी रही। जहाँ वर्ष 2023 में आईटी बाजार की रोजगार तस्वीर बदल गई और बड़ी संख्या में कर्मचारियों को नौकरी छोड़नी पड़ी तथा नई नियुक्ति का अनुपात भी घट गया वहीं विमानन और फार्मा जैसे सेक्टरों में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ी।

यद्यपि भारत ने वर्ष 2023 में वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच निर्यात बढ़ाने व आयात घटाने के अधिकतम प्रयास किए। लेकिन फिर भी बीत रहे वर्ष में निर्यात तेजी से नहीं बढ़ पाए तथा विदेशी मुद्रा की अन्य साधनों से कमाई भी कम रही, इससे व्यापार घाटा बढ़ा। बीत रहे वर्ष में रुपया वर्षभर लुढ़कता रहा, वर्ष 2023 में अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति को सख्त बनाए जाने से डॉलर के मुकाबले रुपया निचले स्तर पर लुढ़ककर 84 के स्तर पर पहुँच गया। वर्ष 2023 के शुरूआती महीनों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट आई। इस गिरावट का कारण निर्यात में कमी, आयात में वृद्धि व डॉलर की तुलना में रुपए को थामने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा आवश्यकता के अनुरूप विदेशी मुद्रा कोष में संचित डॉलर की बिक्री किया जाना भी रहा। फिर भी दिसंबर 2023 में विदेशी मुद्रा कोष कुछ बढ़कर करीब 616 अरब डॉलर से अधिक के स्तर पर पहुँच गया।

देश पर विदेशी कर्ज भी वर्ष 2023 में सरकार की चिंता का कारण रहा। वस्तुतः बीत रहे वर्ष 2023 ने नए वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच भी नई उजली संभावनाओं की विरासत सौंपी है।

(लेखक अर्थशास्त्र के विद्वान हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।


## आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
**दर्शन**

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा। *-स्वामी मैथिलीशरण*

## किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगीं तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे में अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ । तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था उन्नत राष्ट्र की रीढ़

भ्रष्टाचार हमारे समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। भ्रष्टाचार जैसी सामाजिक बुराई चारों तरफ फैल कर दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। भ्रष्टाचार होता क्या है, इसके बारे में जानना सबसे ज़्यादा जरूरी है। भ्रष्टाचार दो शब्दों से मिल कर बना है भ्रष्ट और आचार, भ्रष्ट का अर्थ है बुराई और आचार का अर्थ है व्यवहार। भ्रष्टाचार सबसे ज़्यादा युवा पीढ़ी को प्रभावित कर रहा है। कम समय में जल्दी सफलता पाने की आस में लोगों में ग़लत काम करने की लालसा पनप जाती है और युवा पीढ़ी अपने सपनों को जल्दी साकार करने की होड़ में भ्रष्टाचारी लोगों का साथ देती है। भ्रष्ट ही भ्रष्ट का साथ देता है। भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था उन्नत राष्ट्र की रीढ़ होती है। अतः भ्रष्टाचार खत्म होना चाहिए।

*– कमल वर्मा, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# किम जोंग उन ने देश की उपलब्धियों की प्रशंसा की

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने वर्ष 2024 के लिए नीति लक्ष्य निर्धारित करने के वास्ते एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बैठक की। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2023 में राष्ट्रीय शक्ति को मजबूत करने और देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाली उपलब्धियों और सफलताओं की प्रशंसा की। विशेषज्ञों ने कहा कि सत्तारूढ़ 'वर्कर्स पार्टी' की साल के अंत में होने वाली पूर्ण बैठक के दौरान उत्तर कोरिया संभवतः हथियारों के विकास में अपनी प्रगति का प्रचार करेगा, क्योंकि देश में लगातार अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और महामारी से संबंधित आर्थिक कठिनाईयों के बीच आर्थिक उपलब्धियों का अभाव है।



'कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के अनुसार, मंगलवार को बैठक की शुरुआत में किम ने वर्ष 2023 को नाम और वास्तविकता दोनों में शानदार परिवर्तन और बदलाव का वर्ष बताया । केसीएनए ने कहा कि नवंबर में अपने पहले सैन्य जासूसी उपग्रह के प्रक्षेपण और अन्य परिष्कृत हथियारों की शुरूआत की बदौलत उत्तर कोरिया ने इस साल अपनी रक्षा क्षमताओं में तेजी से प्रगति की है। केसीएनए ने कहा कि उत्तर कोरिया ने भी इस साल फसल के अच्छे उत्पादन की सूचना दी, क्योंकि देश ने समय से पहले नई सिंचाई सुविधाओं का निर्माण पूरा कर लिया।

## ऑफ बीट

# सड़कों के किनारे लगे स्पीड कैमरे कैसे काम करते हैं

सुरक्षा कैमरों का उपयोग पहली बार 1985 में ऑस्ट्रेलिया में विक्टोरिया में स्पीड कैमरों की शुरुआत के साथ किया गया था। तब से, सुरक्षा कैमरों का उपयोग बढ़ गया है। सुरक्षा कैमरे वाहन की गति का पता लगाने और मापने के लिए रडार या लेजर का उपयोग करते हैं। सड़क पर लगे सेंसर का उपयोग लाल बत्ती पार करने वालों का पता लगाने के लिए किया जाता है।



वे कैसे स्थापित किए गए हैं इसके आधार पर, सुरक्षा कैमरे कई लेन में और विपरीत दिशाओं से आने वाले कई वाहनों की निगरानी कर सकते हैं। वे उच्च-क्षमता वाले कैमरों का उपयोग करते हैं जो रात, कोहरे और भारी बारिश सहित विभिन्न प्रकाश व्यवस्था और मौसम की स्थितियों में प्रभावी होते हैं। कुछ विभिन्न प्रकार के वाहनों (जैसे भारी वाहन) के लिए गति सीमा की पहचान करने और उसे लागू करने में सक्षम होते हैं। वे स्वचालित नंबर प्लेट पहचान क्षमताओं का भी उपयोग कर सकते हैं जो उन्हें तथाकथित /"हॉट लिस्ट/" वाहनों का पता लगाने या पहचानने में मदद देता है जो पुलिस के लिए कारगर होते हैं (उदाहरण के लिए चोरी, अपंजीकृत, बिना लाइसेंस वाले वाहन)। फिक्स्ड और मोबाइल कैमरे अपने तत्काल आसपास के क्षेत्र में गति को लागू करते हैं।

## ट्रेंड

### गैरकानूनी घोषित



मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसरत आलम गुट) को गैरकानूनी संघ घोषित किया गया है। यह संगठन राष्ट्र-विरोधी, अलगाववादी गतिविधियों में शामिल हैं और इसके सदस्य लोगों को जम्मू-कश्मीर में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए उकसाते हैं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

### पहलवानों के साथ चर्चा



वर्षों की जी तोड़ मेहनत, धैर्य एवं अप्रतिम अनुशासन के साथ अपने खून और पसीने से मिट्टी को सींचकर एक खिलाड़ी अपने देश के लिए मेडल लाता है। झज्जर के छारा गांव के अखाड़े पहुंच कर ओलंपिक पदक विजेता पहलवान भाइयों के साथ चर्चा की।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### जांबाज सैनिकों को नमन



सर्दी के मौसम में सियाचिन के हालात बहुत विकट होते हैं। किंतु कुछ नेता और बॉलीवुड अभिनेता हमारे वीर सैनिकों के शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा पर सवाल उठाते हैं नमन है जांबाज सैनिकों को। जय हिन्द

-मुकेश अंबानी, उद्योगपति

### सवाल तो किया जाएगा



देशभर के 22 करोड़ से भी ज्यादा युवा 9 सालों तक नौकरियों के लिए लाइन में लगे रहे। सरकारी नौकरी मिली महज 7.22 लाख को यानी 1000 में से सिर्फ तीन को। बेरोजगारी पर सवाल पूछने पर उनको गुस्सा आता है। अब सवाल तो किया ही जाएगा।

-नसीरुद्दीन शाह, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मो को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र० सं० | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61236301 | ब्रेक पैनल मोड्यूल फॉर ऐसी/नोन ऐसी काचेस | 55 नग | 22 जनवरी 2024 |
| 2. | 61236333 | एल एच बी कंटेनर विथ डिवाइस फॉर पॉवर कार | 24 नग | 22 जनवरी 2024 |

**निविदा शर्तें**–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

**टेंडर नोटिस सं: 61236301,61236333**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 4045/23



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **पवन कुमार, पुत्रः स्व. श्री सुरेश, पताः वीपीओ सेखुपुर जाट, पुलिस थाना झज्जर सदर, जिला झज्जर, हरियाणा** ने **FIR No. 136/2020 U/s 380 IPC, पुलिस थाना जफ्फरपुर कलां, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पवन कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **पवन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 136/2020 U/s 380 IPC, पुलिस थाना जफ्फरपुर कलां, नई दिल्ली** के अभियुक्त **पवन कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.02.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अभिनव अहलावत
महानगर दण्डाधिकारी–09
कमरा नं. 314, तीसरी मंजिल
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14924/DW/2023



## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151
(वेबसाइट : www.hssc.gov.in)

### परीक्षा सूचना

**विज्ञा. सं. 3/2023 के तहत ग्रुप सं. 17, 32, 43 और 48 के तहत सभी श्रेणियों के लिए सीईटी ग्रुप–सी पदों (द्वितीय फेज) की लिखित परीक्षा (ओएमआर आधारित) हेतु उम्मीदवारों को सूचना**

सभी सम्बन्धितों की जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग विज्ञा. सं. 3/2023 के तहत ग्रुप सं. 17, 32, 43 और 48 के तहत सभी श्रेणियों के लिए सीईटी ग्रुप–सी पदों (द्वितीय फेज) की लिखित परीक्षा (ओएमआर शीट आधारित) का आयोजन 06.01.2024 (शनिवार) और 07.01.2024 (रविवार) को निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुरूप करेगा :–

**कार्यक्रम**

| क्र. सं. | ग्रुप सं. | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय | परीक्षा का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्रुप नं. 17 | 3/2023 | 06.01.2024 (प्रातःकालीन सत्र) पूर्वा. 10:15 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक उपस्थिति समय पूर्वा. 08:30 बजे (पूर्वा. 09:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) | प्रवेश-पत्र के अनुरूप |
| 2. | ग्रुप नं. 43 | | 06.01.2024 (सायंकालीन सत्र) अप. 03:15 बजे से अप. 05:00 बजे तक उपस्थिति समय अप. 01:30 बजे (अप. 02:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) | |
| 3. | ग्रुप नं. 32 | | 07.01.2024 (प्रातःकालीन सत्र) पूर्वा. 10:15 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक उपस्थिति समय पूर्वा. 08:30 बजे (पूर्वा. 09:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) | |
| 4. | ग्रुप नं. 48 | | 07.01.2024 (सायंकालीन सत्र) अप. 03:15 बजे से अप. 05:00 बजे तक उपस्थिति समय अप. 01:30 बजे (अप. 02:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) | |

2. **चयन मानदंड और अन्य महत्वपूर्ण निर्देश**

**उपरोक्त पदों हेतु चयन मानदंड पहले ही विज्ञा. सं. 03/2023 दिनांक 07 मार्च 2023 में वर्णित किए गए हैं।**

उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर 02.01.2024 से अपलोड किए जाएंगे। सभी शार्टलिस्टेड उम्मीदवारों (ग्रुपवार सूची आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर जल्द अधिसूचित की जाएगी) जो ऊपर वर्णित ग्रुपों में परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं वे अपने प्रवेश-पत्र 02.01.2024 से डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये निर्देशों को और नीचे वर्णित महत्वपूर्ण निर्देशों को परीक्षा में आने से पूर्व ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ने और उनका सख्ती से अनुपालन करना चाहिए।

**टिप्पणियां :–**

1. **उम्मीदवारों हेतु लिखित परीक्षा लिए महत्वपूर्ण निर्देश आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर उपलब्ध हैं जिन्हें उम्मीदवारों द्वारा परीक्षा में आने से पूर्व ध्यानपूर्वक पूरा पढ़ा जाना चाहिए।**
2. **यदि किसी उम्मीदवार ने इन ग्रुपों के तहत आवेदन किया है किन्तु वे अपना अनुक्रमांक आयोग द्वारा अपलोडेड नहीं पाता/पाती है तो उम्मीदवार आयोग कार्यालय में सभी सम्बद्ध दस्तावेजों सहित 05.01.2024 को अप. 2.00 बजे तक उपस्थित हो सकता है।**

आयोग द्वारा डाक के माध्यम से उम्मीदवारों को अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएंगी।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/– सचिव
दिनांक : 27 दिसम्बर 2023 — हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला

संवाद विज्ञा. सं.–1159/13/598/2024/23748/88/6 दि. 27.12.23



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई. निविदा**

**खुली निविदा संख्या 45–अम्बाला/2023–24 दिनांक 26.12.2023**

वरिष्ट मंडल अभियंता–समन्वय/अंबाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

**क्र. सं. 1. कार्य का नाम :** एडीईएन/सीडीजी के तहत एसएसई/डब्ल्यू–2/सीडीजी के अनुभाग में LC-117 पर एलएचएस की पहुंच सड़क पर बैलेंस शेड का निर्माण।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागत (Rs.):** 76,74,593 | **अग्रिम राशि (Rs.):** 1,53,500 |
| **कार्य समाप्ति का समय:** 06 महीने | **निविदा खुलने की तिथि:** 18.01.2024 |

**क्र. सं. 2. कार्य का नाम :** सहायक मंडल अभियंता/अम्बाला एवं चंडीगढ़ के अधीन सीनियर सेक्सन इंजीनियर/रेल–पथ अम्बाला एवं चंडीगढ़ के सेक्सन में अम्बाला चंडीगढ़ सेक्सन पर 15 Sets Turnouts का प्रतिस्थापन एवं सहायक मंडल अभियंता/सहारनपुर एवं सरहिंद के अधीन सीनियर सेक्सन इंजीनियर/रेल–पथ सहारनपुर, सरहिंद एवं गोविन्दगढ़ के सेक्सन में सहारनपुर–अम्बाला–लुधियाना सेक्सन पर 10 Sets Turnouts का प्रतिस्थापन।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागत (Rs.):** 59,99,145 | **अग्रिम राशि (Rs.):** 1,20,000 |
| **कार्य समाप्ति का समय:** 12 महीने | **निविदा खुलने की तिथि:** 18.01.2024 |

**क्र. सं. 3. कार्य का नाम :** सहायक मंडल अभियंता/अम्बाला के अधीन सीनियर सेक्सन इंजीनियर/कार्य/मेंटेनेंस/अम्बाला के सेक्सन में (1) अम्बाला कैंट में मौजूदा RPF भवन का आधुनिकीकरण। (2) अम्बाला कैंट में रिजर्व लाइन के लिए 30 बिस्तरों वाली एक महीला RPF बैरक का प्रावधान। (3) अम्बाला कैंट में RPF के लिए dog kennel का प्रावधान।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागत (Rs.):** 1,87,64,434 | **अग्रिम राशि (Rs.):** 2,43,800 |
| **कार्य समाप्ति का समय:** 08 महीने | **निविदा खुलने की तिथि:** 18.01.2024 |

**क्र. सं. 4. कार्य का नाम :** सीनियर डीईएन–II/यूएमबी के तहत एडीईएन/पीटीए के अनुभाग में L-xing-45 पर स्थानों पर सेप्टिक टैंक के प्रावधान के साथ–साथ शौचालय सुविधाओं का प्रावधान। L-xing-25 एवं जलापूर्ति की व्यवस्था।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागत (Rs.):** 1,70,21,134 | **अग्रिम राशि (Rs.):** 2,35,100 |
| **कार्य समाप्ति का समय:** 08 महीने | **निविदा खुलने की तिथि:** 18.01.2024 |

**क्र. सं. 5. कार्य का नाम :** सीनियर डीईएन–II यूएमबी के तहत एडीईएन/पीटीए के अनुभाग में 1.470 TKm का CTR(S) और 12.234 TKm का TRR (S) मौजूदा 52Kg 90UTS रेल LWR का ST/WODEN/CST-9 स्लीपरों पर M+7 घनत्व के साथ 52Kg/60Kg रेल के साथ PSC स्लीपर पर इलास्टिक फास्टनिंग्स के साथ रखा गया है, जिसमें गिट्टी कुशन वृद्धि भी शामिल है के साथ मौजूदा मानक से गहरी स्क्रीनिंग और गिट्टी की भरपाई।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागत (Rs.):** 1,02,36,949 | **अग्रिम राशि (Rs.):** 2,01,200 |
| **कार्य समाप्ति का समय:** 06 महीने | **निविदा खुलने की तिथि:** 18.01.2024 |

**क्र. सं. 6. कार्य का नाम :** सीनियर डीईएन–II यूएमबी के तहत एडीईएन/बठिंडा के अनुभाग में 23.115 TKm का CTR(S) और 13.932 TKm का TRR (S) मौजूदा 52Kg 90UTS रेल LWR का ST/WODEN/CST-9 स्लीपरों पर M+7 घनत्व के साथ 52Kg/60Kg रेल के साथ PSC स्लीपर पर इलास्टिक फास्टनिंग्स के साथ रखा गया है, जिसमें गिट्टी कुशन वृद्धि भी शामिल है के साथ मौजूदा मानक से गहरी स्क्रीनिंग और गिट्टी की भरपाई।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागत (Rs.):** 4,60,80,869 | **अग्रिम राशि (Rs.):** 3,80,400 |
| **कार्य समाप्ति का समय:** 12 महीने | **निविदा खुलने की तिथि:** 18.01.2024 |

3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई – निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **4050/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पुंछ में मृतकों के परिवार से मिले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# सेना से कहा- हमें आतंकवादियों को खत्म करना है, लोगों का दिल जीतना भी आपकी जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ पुंछ

जम्मू-कश्मीर के राजौरी में गुरुवार को आतंकवादियों ने सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया। इस हमले में 4 जवान शहीद हो गए थे। सेना ने पूछताछ के लिए पुंछ इलाके के 8 स्थानीय लोगों की कस्टडी में लिया था। इनमें से तीन लाश मिली थी। इसके बाद से घाटी में तनाव फैला है। बुधवार को केंद्रीय राजनाथ सिंह जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा हालात का जायजा लेने के लिए पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने उन परिवारों से भी मुलाकात की जिनके सदस्यों के शव मिले थे। सेना से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि सेना को ऐसी कोई गलती नहीं करनी चाहिए जिससे किसी भारतीय नागरिक को ठेस पहुंचे। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि आप (सेना) देश के रक्षक हैं, लेकिन मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के अलावा, लोगों का दिल जीतने की भी आपकी जिम्मेदारी है।

### सुरक्षा हालात का जायजा लिया



### बड़ा उद्देश्य लोगों का दिल जीतना

रक्षा मंत्री ने कहा कि सेनाओं को लोगों के साथ घनिष्ठ संबंध साझा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें लड़ाई जीतनी है, आतंकवादियों को खत्म करना है, लेकिन बड़ा उद्देश्य लोगों का दिल जीतना है। हम युद्ध जीतेंगे, लेकिन हमें दिल भी जीतने की जरूरत है। और मुझे पता है कि आप ऐसा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।


**हमारे खजाने के दरवाजे पूरी तरह खुले :** उन्होंने सैनिकों को आश्वासन दिया कि प्रत्येक सैनिक प्रत्येक भारत के परिवार के सदस्य की तरह है और हर भारतीय ऐसा महसूस करता है। कोई आप पर बुरी नजर डालता है तो यह हमारे लिए बर्दाश्त नहीं है। सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां ऐसे हमलों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। निगरानी बढ़ाने के लिए जो भी सहायता की आवश्यकता होगी वह सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।

### ऐसे हमलों को हल्के तौर पर नहीं लिया जाना चाहिए

रक्षा मंत्री ने कहा कि ऐसे हमलों को हल्के तौर पर नहीं लिया जाना चाहिए। मुझे पता है कि आप (सेना) सभी सतर्क हैं, लेकिन मुझे लगता है कि अधिक सतर्कता की आवश्यकता है। आपकी बहादुरी हमें गौरवान्वित करती है। आपके बलिदान, आपके प्रयास अमूल्य हैं। किसी सैनिक के शहीद होने पर भले ही हम कुछ मुआवजा देते हैं, लेकिन यह नुकसान की भरपाई नहीं कर सकता। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार आपके साथ है और आपका कल्याण और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना अब पहले से अधिक शक्तिशाली और सुसज्जित नजर आ रही है।

### राजनाथ के जम्मू-कश्मीर दौरे से कोई उम्मीद नहीं : फारूक

**श्रीनगर (भाषा)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जम्मू-कश्मीर यात्रा से उन्हें कोई उम्मीद नहीं है । हालांकि उम्मीद जताई कि पुंछ में नागरिकों की मौत जैसी घटनाएं पुनः नहीं होंगी। अब्दुल्ला ने यहां से 80 किलोमीटर दूर कुलगाम में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा, ‘मुझे उनकी यात्रा से कोई उम्मीद नहीं है। क्या वह मृतक नागरिकों को वापस ला सकते हैं? क्या उनके पास वह शक्ति है? लेकिन वह इतना कर सकते हैं कि इस प्रकार का अन्याय दोबारा नहीं हो। उन्होंने कहा कि सिंह यात्रा कर रहे हैं क्योंकि हमारे लोग मारे गए हैं और मंत्री ‘प्रभावित परिवारों के जख्मों पर मरहम लगाएंगे। पिछले बृहस्पतिवार को पुंछ में सेना के दो वाहनों पर आतंकवादी हमले में चार सैनिकों की मौत के बाद पूछताछ के लिए सेना द्वारा पकड़े गए गए तीन नागरिक बाद में मृत पाए गए थे। अब्दुल्ला ने पलटवार करते हुए कहा, “अगर दो देश मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए कोई रास्ता नहीं निकालेंगे तो क्या होगा? हमारे सामने आतंकवाद है।



### राजस्थान में नए साल से 450 रुपये में सिलेंडर मिलेगा

**जयपुर।** राजस्थान में भजनलाल सरकार एक जनवरी से इन कनेक्शनधारियों को एलपीजी सिलेंडर 450 रुपये में देगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को टोंक में इसकी घोषणा की। मुख्यमंत्री बुधवार को टोंक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में शामिल हुए। इससे पहले फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट ने प्रस्ताव बनाकर मुख्यमंत्री को भिजवाया। विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने इसे अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था, जिसे बाद में सरकार ने अपने 100 दिवस के संकल्प पत्र में भी शामिल किया है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार ने इन कनेक्शनधारियों को 500 रुपए में सिलेंडर देने की शुरुआत की थी, जो 1 अप्रैल से लागू हुई थी, लेकिन अब भजनलाल सरकार इस सिलेंडर को 50 रुपए और सस्ता करने जा रही है। इसकी शुरुआत एक जनवरी से की जाएगी।

### देश में कोरोना जेएनण.1 वैरिएंट के 110 मामले

**नई दिल्ली।** कोरोना का नया वैरिएंट जेएन.1 देश के 8 राज्यों में फैल चुका है। अब तक देशभर में इसके कुल 110 केस मिले हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 36 गुजरात में दर्ज किये गए हैं। महाराष्ट्र में इस वैरिएंट के 10 और दिल्ली मे 1 केस मिले हैं। देश में पिछले 24 घंटे में इस वैरिएंट के 41 मरीज मिले हैं। इधर, देशभर में कोरोना के रोजाना 400 से 600 केस आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 617 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई, 603 मरीज ठीक हुए और 3 की मौत हुई है। इससे पहले सोमवार को 638, जबकि मंगलवार को 412 नए मरीज मिले थे। देश में कुल एक्टिव केस की संख्या 4181 हो गई है। यानी इन मरीजों का इलाज चल रहा है। इनमें से केरल में सबसे ज्यादा 353, कर्नाटक में 74 और महाराष्ट्र में 124 संक्रमित हैं।

### 145 करोड़ की सिंचाई परियोजनाएं हिमाचल को मोदी का उपहार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मिले। ‘अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की सिंचाई संबंधी 14 लघु सिंचाई परियोजनाओं और राष्ट्रीय हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट हेतु क्रमशः 141.76 करोड़ रुपये और 221.78 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी व गजेन्द्र शेखावत का आभार व्यक्त किया। अनुराग सिंह ठाकुर ने इसे हिमाचल प्रदेश के कृषक वर्ग के लिए वरदान बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार जताया और कहा कि “आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने सदा ही हिमाचल को अपना दूसरा घर माना है, और देवभूमि के हितों की चिंता की है और सौग़ातें देने में कभी कोई कमी नहीं रखी।

### भाषा विवाद को लेकर बेंगलुरु में प्रदर्शन, हिंदी अंग्रेजी भाषा के साइनबोर्ड्स पर कालिख पोती

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु में भाषा विवाद को लेकर बुधवार (27 दिसंबर) को कई जगहों पर प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट, होटल, दुकानों और प्राइवेट कम्पनियों के ऑफिस के बाहर तोड़फोड़ की। उपद्रवियों ने उन जगहों को निशाना बनाया, जिनके साइनबोर्ड्स पर कन्नड़ के बजाय हिन्दी या अंग्रेजी भाषा लिखी है। प्रदर्शनकारियों ने ऐसे साइनबोर्ड्स फाड़ दिए या उन पर कालिख पोत दी। दरअसल, बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका ने 25 दिसंबर को एक आदेश जारी किया था, जिसमें शहर की सभी दुकानों, होटल्स और मॉल्स में लगे साइनबोर्ड पर 60% कन्नड़ भाषा अनिवार्य कर दी थी। इसके लिए दुकानों के मालिकों को 28 फरवरी तक का समय दिया गया है। ऐसा न करने पर दुकानों का लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। बीबीएमपी की ओर से यह आदेश आने के बाद लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया, उनकी मांग की है यह आदेश तत्काल लागू किया जाए।

### अयोध्या में जन्मभूमि परिसर में 7 और मंदिर बनेंगे, इनमें होंगी ऋषि-मुनियों की मूर्ति

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि के मंदिर का लोकार्पण 22 जनवरी को होगा। मंदिर परिसर में 7 और मंदिर बन रहे हैं, इनमें भगवान राम के गुरु ब्रह्मर्षि वशिष्ठ, ब्रह्मर्षि विश्वामित्र, रामायण लिखने वाले महर्षि वाल्मीकि, अगस्त्य मुनि, रामभक्त केवट, निषादराज और शबरी के मंदिर शामिल हैं। यह सभी 2024 में कम्प्लीट हो जाएंगे। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय मंदिर का ब्लू प्रिंट लेकर मीडिया के सामने आए। उन्होंने कहा, 3 मंजिल के राम मंदिर में अब सेकेंड फ्लोर बनाया जा रहा है। मंदिर का ग्राउंड फ्लोर तैयार हो चुका है। पहली मंजिल भी 80% बन चुकी है। 200 साल में ऐसी रचना उत्तर भारत में नहीं हुई। मंदिर में परकोटों का निर्माण करवाया जा रहा है। ऐसे परकोटे सिर्फ तमिलनाडु और केरल के मंदिरों में बनते हैं। यह नए तरह का प्रयोग है। अभी निर्माण जारी है, पूरा होने में करीब 6 महीने और लगेंगे। इन परकोटा में बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए लिफ्ट लगेंगी। चंपत राय ने बताया- परकोटे के एक कोने पर सूर्य मंदिर होगा। दूसरे कोने पर भगवान शंकर का मंदिर है। तीसरे पर भगवती और चौथे पर गणेश और दक्षिणी भुजा पर हनुमान मंदिर होगा। जटायु की प्रतिमा को कुबेर टीला पर स्थापित किया जा रहा है।


## करदाता कृपया ध्यान दें

# इस तिथि को न भूलें!

निर्धारण वर्ष 2023–24 के लिए आयकर विवरणी दाखिल करने की अंतिम तिथि है




## जल्दी करें!

**किसी भी विलंब से बचें। आज ही पूर्ण करें!**

**संशोधित विवरणी**

यदि नियत तिथि को या उससे पूर्व दाखिल की गई मूल आयकर विवरणी में कोई भी गलती या चूक हो गई है तो आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 139 (5) के अंतर्गत निर्धारण वर्ष 2023–24 के लिए संशोधित आयकर विवरणी विलंब शुल्क के बिना 31 दिसंबर, 2023 तक ई–फाइल की जा सकती है।

**विलंबित विवरणी**

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 139 (4) के अंतर्गत निर्धारण वर्ष 2023–24 के लिए विलंबित आयकर विवरणी 31 दिसंबर, 2023 तक विलंब शुल्क के साथ ई–फाइल की जा सकती है।

सरल और सुरक्षित रूप से अपनी आयकर विवरणी दाखिल करने के लिए
**www.incometax.gov.in** पर ई–फाइलिंग पोर्टल पर लॉग इन करें

cbc 15401/13/0021/2324

ई–ब्रोशर के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

**आयकर विभाग**
**केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड**

अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.incometax.gov.in** पर जाएँ

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

@incometaxindiaofficial | @incometaxindia.official | @IncomeTaxIndia | @Income Tax India | @IncomeTaxIndia.Official




## खबर संक्षेप

### संसद चूक : आरोपी नीलम पहुंची कोर्ट



**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी में 13 दिसंबर के संसद सुरक्षा चूक मामले में गिरफ्तार आरोपी नीलम आजाद ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया और आरोप लगाया कि उसकी पुलिस हिरासत अवैध है क्योंकि निचली अदालत में सुनवाई के दौरान उसे बचाव करने के लिए पसंद के वकील से परामर्श लेने की अनुमति नहीं दी गई।

### पाक ने फतह-2 का उड़ान परीक्षण किया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने स्वदेशी रॉकेट प्रणाली 'फतह-2' का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया। सेना की मीडिया शाखा, 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) ने कहा, ''यह रॉकेट प्रणाली 400 किलोमीटर की दूरी तक लक्ष्य को उच्च सटीकता के साथ भेदने में सक्षम है।'

### 25 रुपए प्रति किलो चावल बेचेगी सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार अब भारत ब्रांड के तहत 25 रुपए प्रति किलो पर चावल बेचेगी।
चावल के दामों में आई तेजी को नियंत्रित करने के लिए सरकार ऐसा कर रही है। सरकार पहले से ही इस ब्रांड के तहत आटा और दालें बेचती है। अभी देश में चावल की औसत कीमत 43 रुपए किलो है। इसे भारतीय नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (नैफेड), नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन (एनसीसीएफ) और केंद्रीय भंडार आउटलेट के माध्यम से बेचा जाएगा। एक सरकार अधिकारी ने यह जानकारी दी है।
**6 नवबंर को भारत आटा किया था लांच:** 6 नवंबर 2023 को केंद्र सरकार ने 27.50 रुपए प्रति किलो की कीमत पर 'भारत आटा' लॉन्च किया था। इसे 10 किलो और 30 किलो के पैक में उपलब्ध कराया गया है। गेहूं की बढ़ती कीमत की वजह से यह फैसला लिया गया था। अभी देश में आटे की औसत कीमत 35 रुपए किलो है।

### मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां जा रही, लोगों का विश्वास बढ़ा रही

# देश में एसएचजी से जुड़ी दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना मेरा सपना : पीएम

भाषा ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह देश में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना चाहते हैं। मध्य प्रदेश के देवास जिले में चल रही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल बातचीत के दौरान, मोदी ने अपने प्रयास में एक महिला से मदद मांगी। प्रधानमंत्री ने कहा, '' मैं देश में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना चाहता हूं।'' मोदी ने रुबीना खान नामक एक महिला से बात की और उससे पूछा कि क्या वह उनके प्रयासों में उनकी मदद करेगी। जब महिला से विशेष रूप से पूछा गया कि वह अपने समूह की कितनी महिलाओं को लखपति बनाना चाहती हैं, तो महिला ने जवाब दिया, ''मैं देश की हर महिला को लखपति बनाना चाहती हूं।'

### उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नए लाभार्थियों ने किया आवेदन



### मेरे पास महिलाओं के लिए बहुत सारे काम

मोदी ने मौके पर मौजूद महिलाओं से कहा कि अगर वे लखपति बनना चाहती हैं तो हाथ उठाएं, जिस पर सभी ने सकारात्मक जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके पास महिलाओं के लिए बहुत काम है लेकिन उन्हें ऐसी पहल में उनका समर्थन करना होगा, जिस पर सभी ने एक स्वर में उत्तर दिया कि वे उनके सपनों को साकार करने के लिए काम करेंगे। रूबीना ने कहा कि वह ग्रामीण आजीविका कार्यक्रम आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 1.03 लाख महिलाओं की ओर से प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं देना चाहती हैं, जिस पर मोदी ने आश्चर्य व्यक्त किया और उनसे वह संख्या दोहराने के लिए कहा जिसका वह उल्लेख कर रही थीं। उन्होंने प्रधानमंत्री को यह भी बताया कि एक स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद, उन्होंने उनकी सोसायटी से 5,000 रुपये का ऋण लिया और अपने पति के साथ मोटरसाइकिल पर कपड़े बेचना शुरू किया।

### करोड़ों परिवारों को नल कनेक्शन की सुविधा मिली

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा है कि पिछले 4 सालों में 11 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है, लेकिन कहानी यहां खत्म नहीं होनी चाहिए। नल के पानी के कनेक्शन के साथ-साथ उचित जल प्रबंधन और उत्कृष्ट जल गुणवत्ता को भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ग्रामीणों को आगे आकर ऐसी जिम्मेदारियां उठानी चाहिए। जब सरकार के प्रयासों को लोगों के समर्थन के साथ जोड़ा जाता है, तो परिणाम बहुत अच्छे होते हैं।

### पीएम आवास का भ्रमण करने वाली छात्राओं का वीडियो किया साझा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को एक वीडियो साझा किया, जिसमें क्रिसमस के मौके पर उनके आधिकारिक आवास का भ्रमण करने वाली स्कूली छात्राओं की खुशी उनके चेहरों पर साफ झलक रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लगता है कि उनके कार्यालय ने अंतिम परीक्षा पास कर ली क्योंकि स्कूली बच्चों ने इसे भरपूर समर्थन दिया है। वीडियो में विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठकों की मेजबानी करने वाले सम्मेलन कक्ष सहित उनके आवास के विभिन्न हिस्सों से ले जाते हुए दिखाया गया है। एक छात्रा ने कहा, ''यह शानदार मौका था। मुझे उम्मीद है कि इस तरह के कई अवसर आगे भी मिलेंगे।'' ईसाई समुदाय के सदस्यों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत के दौरान विद्यार्थियों के समूह को क्रिसमस और नए साल की शुभकामनाएं गाते हुए भी सुना जा सकता है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''7, एलकेएम में घूमने वाले उत्सुक युवाओं ने स्पष्ट रूप से एक शानदार अनुभव हासिल किया। ऐसा लगता है कि मेरे कार्यालय ने अंतिम परीक्षा पास कर ली। उन्होंने इसे 'थम्स अप' दिया।

### स्वयं सहायता समूह से 10 करोड़ बहन-बेटियां जुड़ीं

पीएम ने कहा- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने गांवों में महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए भारत सरकार बहुत बड़ा अभियान चला रही है। बीते वर्षों में देश में लगभग 10 करोड़ बहन-बेटियां और दीदियां स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। लोगों को नई ताकत मिल रही है और वे अपने लिए बेहतर भविष्य बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। कम से कम 2 करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाना लक्ष्य है।

### पहली बार देशव्यापी हेल्थ चेकअप हो रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां भी जा रही है, वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू होने के बाद उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नए लाभार्थियों ने आवेदन किया है। मौके पर ही एक करोड़ आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं। मोदी ने कहा- पहली बार देशव्यापी हेल्थ चेकअप हो रहा है। आयुष्मान भारत कार्ड के साथ-साथ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट कार्ड भी तेजी से बनाए जा रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा को शुरू हुए अभी 50 दिन भी नहीं हुए। लेकिन ये यात्रा अबतक लाखों गांवों में पहुंच चुकी है।

### जयशंकर ने रूसी समकक्ष से की मुलाकात

# भारत और रूस के संबंध बेहद मजबूत, बेहद स्थिर : जयशंकर

भाषा ▶▶ एजेंसी



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत और रूस के बीच संबंध "बेहद मजबूत, बेहद स्थिर हैं।" उन्होंने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग, अंतरराष्ट्रीय सामरिक स्थिति, युद्ध और तनाव पर चर्चा की। पांच दिन की यात्रा पर रूस आए जयशंकर ने शुरुआती बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समय-समय पर एक दूसरे से बात करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं को जी20, संघाई सहयोग संगठन, आसियान, और ब्रिक्स जैसे मंचों के जरिए कई बार और नियमित रूप से एक दूसरे से बात करने का मौका मिला है। जयशंकर ने कहा, "हमारे संबंध बेहद मजबूत, बेहद स्थिर हैं। और मुझे लगता है कि हम एक विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी पर खरे उतरे हैं। इस साल हम पहले ही छह बार मिल चुके हैं और यह सातवीं बैठक है।"

### दोनों पक्षों का द्विपक्षीय सहयोग पर ध्यान केंद्रित

उन्होंने कहा कि आज की बैठक के दौरान दोनों पक्ष विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर ध्यान केंद्रित करेंगे, इसे बदलती परिस्थितियों और मांगों के अनुसार समायोजित करेंगे। उन्होंने कहा, ऱ्हम अंतरराष्ट्रीय सामरिक स्थिति, संघर्षों और तनावों पर चर्चा करेंगे, साथ ही ग्लोबल साउथ के सामने आने वाली विकास संबंधी चुनौतियों और निश्चित रूप से बहुपक्षवाद व बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। जयशंकर ने कहा कि इस साल दोनों पक्ष सहयोग की अलग-अलग अभिव्यक्तियों के गवाह बने। उन्होंने कहा, ऱ्हम निरंतर प्रगति देखकर बहुत खुश हैं और हमें जनवरी में वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन में रूस की ओर से मजबूत भागीदारी की उम्मीद है।




# 'बे-बस' जिंदगी... एमपी में डंपर से टकराई बस, जिंदा जले 9 यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के तहत गुना आरोन रोड पर सिकरवार बस में भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में लगभग 12 लोगों के जिंदा जलने की आशंका है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हैं जिनको जिला अस्पताल में ले जाया गया । प्रशासन ने 9 लोगों की मौत की पुष्टि की है। जबकि घायलों का दावा है कि इस दुर्घटना में 10 से 12 लोगों की मौत हुई है। बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार रात 8:10 पर सिकरवार बस एमपी 08 पी 0199 गुना से आरोन जा रही थी। घायलों के अनुसार सेमरी घाट पर यात्री बस सामने से आ रहे डंपर से



टकरा गई। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर पलटी और उसके बाद उसमें विस्फोट के साथ आग लग गई। हादसे के बाद मौके पर एसपी और कलेक्टर भी पहुंचे हैं। पुलिस ने आग से झुलसे करीब 15 लोगों को गुना के जिला अस्पताल पहुंचाया।

### राम मंदिर उद्घाटन में ममता के शामिल होने की संभावना नहीं : टीएमसी

**कोलकाता (भाषा)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक वरिष्ठ नेता ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के जनवरी में अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने की संभावना नहीं है।



टीएमसी सूत्रों के मुताबिक, 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में न तो बनर्जी और न ही पश्चिम बंगाल सरकार या पार्टी का कोई प्रतिनिधि मौजूद रहेगा।
टीएमसी के एक वरिष्ठ नेता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''ममता बनर्जी या टीएमसी के किसी अन्य प्रतिनिधि के अगले महीने अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन में शामिल होने का कोई सवाल ही नहीं है। हम राजनीति को धर्म के साथ मिलाने में विश्वास नहीं करते हैं।'' राम मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और 6,000 से अधिक लोगों के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने की उम्मीद है।

**अभियान** 14 राज्यों में 6200 किमी का सफर तय होगा, ज्यादातर बस के माध्यम से होगी यात्रा

# राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से मुंबई तक कांग्रेस की 'भारत न्याय यात्रा' 14 जनवरी से होगी शुरू

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने बुधवार को घोषणा की है कि पार्टी नेता राहुल गांधी की अगुवाई में 14 जनवरी से 20 मार्च तक मणिपुर से मुंबई (पूरब से पश्चिम) तक 'भारत न्याय यात्रा' निकाली जाएगी। पार्टी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले आयोजित की जाने वाली यह यात्रा 67 दिन में 14 राज्यों और 85 जिलों से होकर गुजरेगी। 'भारत न्याय यात्रा' के दौरान लगभग 6,200 किलोमीटर की दूरी तय की जायेगी। यात्रा ज्यादातर बस से होगी, लेकिन कहीं-कहीं पदयात्रा भी होगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने सात सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाली थी। गांधी की 136 दिन की इस यात्रा में 12 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों के 75 जिलों और 76 लोकसभा क्षेत्रों से गुजरते हुए 4,081 किलोमीटर की दूरी तय की गई थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जहां गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान ''आर्थिक असमानताओं, ध्रुवीकरण और तानाशाही'' के मुद्दों को उठाया था, वहीं 'भारत न्याय यात्रा' में देश के लोगों के लिए आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। 'भारत न्याय यात्रा' मणिपुर, नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 14 जनवरी को इंफाल से यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।



### चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण

इस यात्रा को आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव अगले साल अप्रैल-मई में होने की संभावना है। रमेश ने कहा, ''कांग्रेस 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत न्याय यात्रा' निकालेगी।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थापना दिवस के मौके पर नागपुर में 28 दिसंबर को एक व्यापक रैली आयोजित करेगी।

### लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकेगी कांग्रेस

उन्होंने कहा कि रैली का नाम होगा 'हैं तैयार हम' और इसके जरिये कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकेगी। पार्टी के महासचिव (संगठन) के. सी. वेणुगोपाल ने कहा कि इस यात्रा में देश की महिलाओं, युवाओं और वंचित समुदाय के लोगों से बातचीत की जाएगी। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया था कि पार्टी नेता राहुल गांधी को पूरब से पश्चिम तक 21 दिसंबर से दूसरे चरण की यात्रा करनी चाहिए, जिसके बाद इस यात्रा की घोषणा की गई है। यात्रा मणिपुर से प्रारंभ करने के कारण के बारे में पूछे जाने पर वेणुगोपाल ने कहा कि यह देश का महत्वपूर्ण हिस्सा है, साथ ही पार्टी उस पूर्वोत्तर राज्य के लोगों के 'जख्मों पर मरहम' लगाने की प्रक्रिया शुरू करना चाहती है। मणिपुर में तीन मई को हिंसा शुरू होने के बाद से कुकी और मेइती समुदाय के लोगों के बीच जातीय संघर्ष में 200 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और 60,000 से अधिक लोग बेघर हो चुके हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25